राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 275
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 29 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 10 लाख रुपयो की फर्जी लूट दिखाकर गबन करने वाले दो अभियुक्त
पेज 4 निर्माणाधीन परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा
पेज 6 दानिल मेदवेदव कोर्ट पर फोटोग्राफर के आने से गुस्साए, रैकेट भी

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क किनारे खड़े ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, 6 की मौत

**कासरगोड ।** केरल के कासरगोड के थलप्पडी में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस ने सड़क किनारे खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। इससे ऑटोरिक्शा में सवार छह लोगों की मौत हो गई. वहीं हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि ब्रेक फेल होने से तेज रफ्तार बस ने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी।मृतकों की पहचान नफीसा, खदीजा, आयशा, हस्ना (11), ऑटोरिक्शा चालक हैदर अली और हवम्मा के रूप में हुई है। सभी कर्नाटक के केसी रोड निवासी थे।

### भारत और सऊदी अरब सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त विनिर्माण पर विचार कर रहे

**नई दिल्ली ।** भारत और सऊदी अरब ने गुरुवार को अपने बढ़ते रक्षा और रणनीतिक संबंधों को दर्शाते हुए सैन्य उपकरणों के संयुक्त निर्माण की संभावना व्यक्त की। नई दिल्ली में रक्षा सहयोग पर भारत-सऊदी अरब संयुक्त समिति की बैठक में दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वार्ता प्रशिक्षण, औद्योगिक साझेदारी, समुद्री सहयोग और सैन्य अभ्यास जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग पर केंद्रित थी। भारत ने सऊदी सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण प्रदान करने की पेशकश की और साइबरस्पेस, आपदा प्रबंधन और सामरिक संचार के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की।



## हैप्पी मॉर्निंग

गर्लफ्रेंड- अगर मैं एग्जाम में फेल हो गई तो, मेरे पापा मेरी शादी किसी रिक्शावाले से करा देंगे
बॉयफ्रेंड- अरे वाह, फिर तो ठीक है
गर्लफ्रेंड- वो कैसे?
बॉयफ्रेंड- क्योंकि मेरे पापा ने कहा है कि, अगर मैं फेल हुआ तो मुझे रिक्शा खरीद देंगे.....



## शायरी

ये चिड़िया भी मेरी बेटी से
कितनी मिलती जुलती है
कहीं भी शाख़े- गुल देखे तो
झूला डाल देती है

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,080.57
-705.97 (0.87%)
निफ्टी:
24,500.90
-211.15

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 58
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 50

---

### दिल्ली एयरपोर्ट पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

# आतंकियों को हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने जिहादी गतिविधियों के लिए देशभर में हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में एक व्यक्ति को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है।

वह बिहार का रहने वाला है और देश छोड़कर भागने की तैयारी में बताया गया है।

अधिकारियों के अनुसार आंध्र प्रदेश के विजयानगरम में आईएसआईएस की साजिश के भंडाफोड़ के बाद ये दूसरी गिरफ्तारी है।

### गिरफ्तार हो चुके सिराज के संपर्क में था आरिफ

आरोपित को विशाखापत्तनम की विशेष एनआईए अदालत में पेश किया जाएगा।

जांच में पता चला है कि आरिफ एक अन्य आरोपित सिराज उर रहमान के संपर्क में था, जिसे पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# 10 ग्राम सोना 1,01,506 के ऑलटाइम हाई पर पहुंचा

**इस साल अब तक 25,344 महंगा हुआ, चांदी 1,17,110 किलो बिक रही**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 28 अगस्त को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 622 रुपए बढ़कर 1,01,506 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,00,884 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,240 रुपए बढ़कर 1,17,110 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,15,870 रुपए थी।





### भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,200

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050

**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,500 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,100

### सोना इस साल अब तक 25,344 महंगा हुआ

1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 25,344 रुपए बढ़कर 1,01,506 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 31,093 रुपए बढ़कर 1,17,110 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

### इस साल 1 लाख 4 हजार तक जा सकता है सोना

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

# विरार में बिल्डिंग गिरी, अब तक 17 मौतें

**कल 5 शव मिले, 9 घायल; हादसे के वक्त चौथी मंजिल पर बर्थडे पार्टी चल रही थी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में बिल्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। विरार इलाके के विजय नगर में 26 अगस्त की रात 12.05 बजे लगभग 50 फ्लैटों वाला चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट के 12 फ्लैट बगल में एक खाली पड़े मकान पर ढह गए।

परसो 12 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी। आज रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 5 लोगों के शव मिले। 9 लोग घायल हैं। हादसे के वक्त चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची की जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, तभी हादसा हुआ। इसमें बच्ची, उसकी मां और कई मेहमानों की भी मौत हो गई है।





पालघर की जिला कलेक्टर डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने गुरुवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में वह बच्ची भी शामिल है, जिसका जन्मदिन उस समय मनाया जा रहा था। घायल हुए और बचाए गए 9 लोगों का इलाज चल रहा है। टीमें मलबे की जांच कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई और व्यक्ति फंसा तो नहीं है।

स्थानीय लोगों ने बिल्डर और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों ने मांग की है कि जांच की जाए कि अनाधिकृत बिल्डिंग इतने सारे निवासियों को कैसे रहने दिया गया। वीवीएमसी की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया।

# ममता बोलीं- भाजपा का फैलाया भाषायी आतंक बर्दाश्त नहीं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वे किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देंगी। भाजपा बंगालियों पर भाषायी आतंक फैला रही है।

बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम हटाने के मकसद से करवाए जा रहे सर्वे के लिए दूसरे राज्यों से 500 से ज्यादा टीमें बंगाल में भेजी हैं। ममता ने कहा- लेकिन जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी मताधिकार नहीं छीनने दूंगी।

आप खुद जांच करें कि आपका नाम अभी भी लिस्ट में है या नहीं। ममता कोलकाता में तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस पर बोल रही थीं।

पश्चिम बंगाल सीएम ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है।

### विरोध प्रदर्शन



पटना में एक सरकारी स्कूल के शौचालय में बुधवार को गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में पाई गई 12 वर्षीय लड़की की मौत के विरोध में प्रदर्शन के दौरान लोगों को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।

# जम्मू-कश्मीर के गुरेज में मुठभेड़, दो आतंकवादी मारे गए

**घुसपैठ के दौरान जवानों पर फायरिंग की थी; सेना और पुलिस का ऑपरेशन जारी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में गुरुवार को भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने X पर बताया कि उन्हें आतंकियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।


जवानों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है।

इससे पहले 2 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। सेना ने आतंकियों के खिलाफ 1 अगस्त को ऑपरेशन अखल शुरू किया था, जो 12 दिनों तक चला था। इसमें दो जवान भी शहीद हुए थे।

22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद, जम्मू-कश्मीर में 7 अलग-अलग मुठभेड़ों में अब तक 23 आतंकवादी मारे गए हैं। आज मारे गए दो आतंकियों की पहचान सामने नहीं आई है। अन्य 21 में से बारह आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे, जबकि नौ स्थानीय थे।

# बिहार में घुसे 3 पाकिस्तानी आतंकी, 50 हजार का इनाम

**एसपी बोले- मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से घुसे**



हसनैन अली (रावलपिंडी, पाकिस्तान) | आदिल हुसैन (उमरकोट, पाकिस्तान) | मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर, पाकिस्तान)

एजेंसी

पटना। बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों ने घुसपैठ की है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों की फोटो रिलीज की हैं। सभी के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की खबर है।

पुलिस ने जिन आतंकियों की फोटो जारी की है, उनके नाम हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान हैं। हसनैन रावलपिंडी, आदिल उमरकोट और उस्मान बहावलपुर का रहने वाला है।

पुलिस हेडक्वार्टर ने सभी जिलों को खुफिया तंत्र को एक्टिव रखने, इनपुट जुटाने और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है।

वहीं मोतिहारी पुलिस ने तीनों आतंकियों पर 50 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। बिहार में घुसे तीनों आतंकियों का पासपोर्ट भी सामने आया है। बताया जाता है कि तीनों आतंकी मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से बिहार में घुसे हैं।

**आशंका- बिहार में बड़ी वारदात कर सकते हैं आतंकी**

खबर है कि तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते ही काठमांडू पहुंच गए थे। वहां से पिछले सप्ताह बिहार में घुसे हैं। खुफिया इनपुट के आधार पर आशंका है कि आतंकियों का मकसद बिहार में किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

इधर बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा चल रही है। आतंकी घुसपैठ के संदिग्ध रास्ते अररिया समेत नेपाल से सटे मधुबनी और सुपौल से हाल ही में उनकी यात्रा गुजरी है।

बिहार के 7 जिले नेपाल बॉर्डर से सटे हैं। राहुल या तो उन जगहों पर जा चुके हैं या उनका जाने का कार्यक्रम है। वे कल सीतामढ़ी में थे और आज मोतिहारी पहुंचे, जो नेपाल सीमा से लगा हुआ है।

आतंकी अलर्ट के बाद राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव किया गया है। सीतामढ़ी में वे जिस कैंप में रुके थे वहां से सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां कई जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल वहां नहीं रुके। मंदिर में दर्शन के बाद राहुल गांधी का रोड शो भी था, लेकिन वो कैंसिल कर दिया गया है। राहुल गांधी अब ओपन जीप की जगह बंद गाड़ी से चल रहे हैं। राहुल गांधी को 12 बजे मोतिहारी पहुंचना था, लेकिन वो 11 बजे ही यहां पहुंच गए हैं।

### वैष्णो देवी लैंडस्लाइड- यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित

**कटरा।** वैष्णो देवी यात्रा रूट के अर्धकुंवारी में हुई लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोकी गई है। यात्रा स्थगित होने के बाद कई श्रद्धालु फंस गए हैं। कुछ यात्री कटरा के होटलों में यात्रा के दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें मलबा साफ होने तक इंतजार करने को कहा गया है। घटना के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इधर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शवों को उनके घर भेजने की जिम्मेदारी ली है। 24 मृतकों की पहचान हो गई है। बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा। वैष्णो देवी यात्रा के इस पड़ाव पर 26 अगस्त की दोपहर करीब 3 बजे भारी बारिश के कारण अर्धकुंवारी इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन हुआ था। हादसे में 34 की मौत हुई है, 20 से ज्यादा घायलों का इलाज चल रहा है।

# पंजाब के 7 जिलों में बाढ़, सेना पहुंची

**जम्मू में बाढ़ में फंसे 27 जवान, 10 घंटे में रेस्क्यू; हिमाचल के चंबा में घरों में मलबा घुसा**

**नई दिल्ली।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं।

राज्य के अजनाला में सेना की एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं।

जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर की टीम ने 10 घंटे में जम्मू के जौरियन में फंसे 27 जवानों को बचाया।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बेहाल है। बुधवार रात कई जगह भारी बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई है। राज्य के 3 जिलों में 2000 से ज्यादा टूरिस्ट फंसे हैं। चंबा में घरों में मलबा घुस गया है।

राज्य में बाढ़ और बारिश की घटनाओं में अब तक 310 लोगों की मौत हो चुकी है। 369 लोग घायल हैं और 38 लापता हैं। 1240 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। इनमें 331 घर पूरी तरह से टूट चुके हैं।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट से 4 करोड़ का गांजा जब्त

**बैंकॉक से आई युवती ट्रॉली बैग में छिपाकर लाई थी, बैग गुम होने से हुआ पर्दाफाश**

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के कस्टम विभाग ने बैंकॉक से आई एक लड़की के ट्रॉली बैग से 4 किलो हाइब्रिड मारिजुआना (गांजा) जब्त किया। इस मारिजुआना की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ रुपए के करीब है। लड़की ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर बैग गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी।





बाद में जब बैग मिलने पर लड़की को कॉल किया गया तो वह एयरपोर्ट नहीं पहुंची। इस पर कस्टम विभाक को शक हुआ। बैग की बारीकी से तलाशी लेने पर उसमें से चार किलो मारिजुआना जब्त किय गया। इसके बाद सीआईडी क्राइम की मदद से लड़की हिरासत में लिया गया।


**'नारी' रिपोर्ट**

**पटना और दिल्ली में सबसे कम सुरक्षित, 'नारी' की सालाना रिपोर्ट**

# मुंबई और कोहिमा देश में महिलाओं के लिए सबसे सेफ

**नई दिल्ली।** कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई देश में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर हैं। वहीं, पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची महिलाओं के लिए सबसे कम सुरक्षित शहर हैं।

यह जानकारी नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वुमेंस सेफ्टी 2025 में सामने आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोहिमा और दूसरे सबसे सुरक्षित शहरों में महिलाओं को ज्यादा समानता, नागरिक भागीदारी, बेहतर पुलिस व्यवस्था और महिलाओं के लिए अनुकूल इन्फ्रास्ट्रक्चर है।





वहीं, पटना और जयपुर जैसे शहरों में हालात इसके उलट हैं। यह सर्वे 31 शहरों की 12 हजार 770 महिलाओं पर किया गया था। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने गुरुवार को इसकी रिपोर्ट जारी की।

### 91 प्रतिशत महिलाएं वर्किंग प्लेस पर सेफ महसूस करतीं

सर्वे से शामिल 10 में से 6 महिलाओं ने खुद को अपने शहर में सुरक्षित कहा वहीं, 40 प्रतिशत 'ज्यादा सुरक्षित नहीं' या 'असुरक्षित' मानती हैं। महिलाएं रात के समय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और घूमने की जगहों पर कम सुरक्षित महसूस करती हैं।

एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 86 प्रतिशत महिलाएं सिर्फ दिन में खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। रात में या कैंपस के बाहर सुरक्षा की भावना काफी कम हो जाती है। करीब 91 प्रतिशत महिलाएं वर्किंग प्लेस पर सुरक्षित महसूस करती हैं।

### 3 में से 2 महिलाएं उत्पीड़न की शिकायत नहीं करतीं

सर्वे से पता चला कि सिर्फ 25 प्रतिशत महिलाओं को ही सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई का भरोसा है। 69 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा उपाय कुछ हद तक पर्याप्त हैं। सिर्फ 65 प्रतिशत ने 2023-2024 के दौरान महिला सुरक्षा में सुधार महसूस किया।

7 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्होंने 2024 में पब्लिक प्लेस पर हैरेसमेंट का अनुभव किया। 24 साल से कम उम्र की लड़कियों में यह आंकड़ा बढ़कर दोगुना यानी 14 प्रतिशत हो गया। पब्लिक ट्रांसपोर्ट (29 प्रतिशत) और पड़ोस (38 प्रतिशत) को अक्सर उत्पीड़न होने वाली जगहों के रूप में बताया गया। फिर भी 3 में से सिर्फ 1 पीड़ित ने ही घटना की शिकायत की।

## संपादकीय

# नेहरू का इंकार, गांधी की शहादत और आज का फासीवादी दौर


जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब यूरोप फासीवाद की गिरफ्त में था, जवाहरलाल नेहरू के सामने मुसोलिनी से मिलने का निमंत्रण आया।
नेहरू ने कहा— 'मैं उस व्यक्ति से नहीं मिल सकता, जो लोकतंत्र और मानवता का गला घोंट रहा है।'
यह इंकार केवल मुसोलिनी से मिलने का नहीं था, बल्कि पूरी तानाशाही विचारधारा को नकारने का साहस था।
गांधी ने संवाद का रास्ता चुना, नेहरू ने असहमति का।
भारत का स्वतंत्रता आंदोलन इन्हीं दो स्तंभों पर खड़ा था।

### आरएसएस और फासीवादी प्रेरणा

इसी दौरान आरएसएस यूरोप के फासीवादी नेताओं से प्रभावित हो रहा था।
गोलवलकर ने अपनी किताब "We, or Our Nationhood Defined" (1939) में लिखा :
'जर्मनी ने यहूदियों को बाहर करके राष्ट्रवाद की शुद्धता का आदर्श प्रस्तुत किया है।'
यह वही सोच थी जिसने गोडसे को गांधी की हत्या तक पहुँचाया।

### नेहरू ने चेतावनी दी थी

'भारत में कुछ संगठन हिटलर और मुसोलिनी की तरह की राजनीति करना चाहते हैं। यह देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है।'

### गोडसे की गोली और गांधी का बलिदान

1948 में गोडसे ने गांधी को गोली मारी।
गोडसे की उंगली थी, पर पीछे वही विचारधारा खड़ी थी जो एक धर्म, एक संस्कृति, एक राष्ट्र का सपना देख रही थी।
नेहरू का दिल टूट गया, पर उन्होंने लोकतंत्र की मशाल बुझने नहीं दी।

### मोदी और फासीवादी राजनीति का पुनर्जन्म

आज वही फासीवादी छाया फिर से मंडरा रही है।
नरेंद्र मोदी और उनके सहयोगी बार-बार ऐसे भाषण देते हैं जिनमें लोकतंत्र की जगह नफ़रत और विभाजन झलकता है।

### • मोदी कहते हैं :

'कांग्रेस और आरजेडी बिहार का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं।'
यह सीधा वही फासीवादी तरीका है—मुद्दों से ध्यान हटाकर जनता को एक काल्पनिक दुश्मन के खिलाफ भड़काना।

• उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं:
'अगर बुलडोज़र चलता है तो किसी अब्बा जान के घर पर चलता है।'
यह भाषा कानून से नहीं, नफ़रत से निकली है।

• प्रज्ञा ठाकुर, जो संसद तक पहुँच चुकी हैं, खुले मंच से कहती हैं :
'लोगों को हथियार रखने चाहिए और दुश्मनों को ठिकाने लगाना चाहिए।'

• खुद मोदी चुनावी मंचों से नारे देते हैं :
हर हर मोदी, घर घर मोदी।
लोकतांत्रिक राजनीति को व्यक्तिपूजा और तानाशाही में बदलने की कोशिश।
यह भाषा, यह सोच वही है जिसकी जड़ें मुसोलिनी और हिटलर की राजनीति में थीं।

### राहुल गांधी का संघर्ष

इनके सामने राहुल गांधी खड़े हैं—पदयात्रा करते हुए, जेल जाते हुए, संसद में बोलते हुए।

### उनका कहना है :

'यह लड़ाई दो विचारधाराओं की है—एक तरफ़ नफ़रत और डर है, दूसरी तरफ़ मोहब्बत और साहस।'
यह वही परंपरा है जिसे नेहरू ने चुना था और गांधी ने अपने जीवन से सींचा था।
नेहरू ने मुसोलिनी से मिलने से इंकार किया।
गांधी ने गोडसे की गोली खाई लेकिन नफ़रत को स्वीकार नहीं किया।
आज राहुल गांधी उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं—एक ऐसे दौर में जब मोदी और उनके सहयोगियों के भाषण लोकतंत्र को डर और नफ़रत से ढकने की कोशिश कर रहे हैं।

### इतिहास कहता है—

फासीवाद क्षणिक है, लोकतंत्र अमर है।
तानाशाह गिरते हैं, पर सत्य और प्रेम हमेशा लौटते हैं।

## हमारा शौक अंगारों पर चलने का

हमारा शौक अंगारों पर चलने का ।

उसे थोड़ा जाना पहचाना बना दे
फिर चाहे तो उसे अंजाना बना दे।

शहर का यह चौराहा है यहीं पर
मेरे हिस्से का मयखाना बना दे।

शालिका ए जिंदगी जिसको न आये
इस उसको भी आज दाना बना दे।
(दाना-समझदार,बुद्धिमान,)

हुनर लफ़्ज़ों का उनको बहुत आता है
हकीकत को बड़ा अफ़साना बना दे।
(अफ़साना-कहानी,किस्सा,)

हमारा शौक है अंगारों पर चलने का
मौला मुझे गमों से अंजाना बना दे।

कह दो अब पुजारी से यह संजीव
तेरे हर रास्ते में बुत खाना बना दे।
(बुतखाना- मंदिर, पूजाघर,)


संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़,
9009 415 415,


# जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल : क्या एक रूस, एक भारत और एक चीन के स्वप्न से बनेगी बात?

**कमलेश पांडे**

ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका और दो दर्जन देशों से अधिक की सदस्यता वाले यूरोपीय संघ में शामिल नाटो देशों के अंतरराष्ट्रीय तिकड़मों से निपटने के लिए जरूरी है कि रूस, भारत, चीन तीनों अपना-अपना विस्तार करें। खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाएं।
आए दिन बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल के दृष्टिगत एक रूस, एक भारत और एक चीन के अघोषित स्वप्न यक्ष प्रश्न समुपस्थित है। देखा जाए तो प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रणेता रहे अमेरिका-यूरोप की कुचक्री नीतियों के प्रतिरोध स्वरूप बन रहे यूरेशियाई ब्लॉक यानी रूस-चीन-भारत%के समूह और उसके प्रस्तावित आरआईसी त्रिकोण के सम्मुख यह मौलिक सवाल समुपस्थित है कि क्या इस त्रिकोण के बिना उनके विश्वव्यापी भविष्य और उनकी सफलता दोनों संदिग्ध रहेगी।
ऐसा इसलिए कि वर्तमान अमेरिकी सनक और हनक के प्रतिक्रिया स्वरूप अब भारत ने गुटनिरपेक्षता के बजाए रूस के साथ चीन की ओर जिस तरह से अपना झुकाव प्रदर्शित किया है, वह अमेरिका-यूरोप के मित्रगत समझ और उन पर आधारित तिकड़मों को तो करारा जवाब है ही, साथ ही भारत अपनी गुटनिरपेक्ष नीतियों से इतर भी एक नया और ठोस संकेत दे रहा है, जिसे समझने की जरूरत है।
मसलन, यह कि अपने दूरगामी राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए भारत किसी भी विकसित देश के धौंसपट्टी में नहीं आएगा और इसकी भरपाई के लिए घोर शत्रु से भी हाथ मिलाने में नहीं हिचकिचाएगा। अमेरिका यदि पाकिस्तान-बंगलादेश को भारत के खिलाफ भड़कएगा तो भारत भी अब चुप नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक रणनीतिक पलटवार ऑपरेशन सिंदूर की भांति करेगा।
ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका और दो दर्जन देशों से अधिक की सदस्यता वाले यूरोपीय संघ में शामिल नाटो देशों के अंतरराष्ट्रीय तिकड़मों से निपटने के लिए जरूरी है कि रूस, भारत, चीन तीनों अपना-अपना विस्तार करें। खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाएं।
इस दृष्टि से भारत के सदाबहार दोस्त सोवियत संघ में शामिल रहे रूस और अन्य चौदह देशों के अलावा, तुर्किये, सीरिया, मिश्र, सऊदी अरब आदि के उसमें मिलने से ही एक वृहत रूस या रूसी परिसंघ का सपना पूरा होगा। लिहाजा इस क्षेत्र में नाटो की बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं।
इसी प्रकार भारत को उसके पड़ोसी देशों, यथा- पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, म्यांमार, नेपाल, तिब्बत, भूटान, श्रीलंका, मालदीव के अलावा भी थाईलैंड, कम्बोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि देशों को भारत में मिलाने के नैतिक प्रयत्न जारी रखने होंगे, क्योंकि इससे ही एक भारत का सपना पूरा होगा। वहीं, इस क्षेत्र में अमेरिका या चीन के बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं।
ठीक इसी तरह से चीन के विस्तार के लिए ताइवान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, जापान, लाओस, वियतनाम आदि देशों को उसमें मिलाना जरूरी है, जिससे एक चीन का सपना जल्द पूरा होगा। लेकिन यहां पर भी अमेरिका या जापान के बढ़ते दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं। इस नजरिए से देखा जाए तो ये तीनों इतने वृहत भौगोलिक पॉलिटिकल ब्लॉक हैं, जिन पर रूस, भारत और चीन की पकड़ मजबूत होने से उनके संयुक्त रणनीतिक एजेंडे को बल मिलेगा। इसलिए यदि इनके एजेंडे में यह विषय शामिल नहीं है तो अविलंब कर लीजिए। इससे तीनों देशों का ही भला होगा। लेकिन एक दूसरे के भौगोलिक, आर्थिक और सैन्य हितों का सम्मान कीजिए, अन्यथा मित्रतापूर्ण भाव कटुता में तब्दील हो जाएगी।
लिहाजा यदि संभव हो तो इसी आधार पर अपनी रणनीतिक समझदारी भी विकसित कर लीजिए और एक-दूसरे के पैर को खींचना बन्द कर दीजिए। यदि आप तीनों ऐसा कर पाए तो नाटो या जी-7 पर एससीओ या ब्रिक्स देश समूह चौबीस घण्टे भारी पड़ेंगे। लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसके लिए पुतिन, मोदी और जिनपिंग को थोड़ा बहुत त्याग करना होगा, थोड़ा दिल बड़ा करके पड़ोसियों की मानसिकता को बदलना या जीतना होगा, थोड़ा धैर्य पूर्वक कदम बढ़ाना होगा।
वहीं, निकट भविष्य में यदि भारत-रूस के प्रभाववश इजरायल का भी इस त्रिकोण को साथ मिल गया तो यह सोने पर सोहागा वाली स्थिति होगी। इससे अरब व यूरोप के उन हिस्सों पर भी भारत-रूस की पकड़ मजबूत होगी, जिन पर इजरायल की धाक जमेगी। यदि वह यरूशलेम-इंग्लैंड एक्सप्रेस-वे विकसित कर लेता है तो यह उसके लिए बहुत सुकून की बात होगी। यह स्थिति अमेरिका-रूस दोनों के लिए सुखद होगी।
यदि इस नजरिए से नई दिल्ली-मॉस्को एक्सप्रेस-वे और नई दिल्ली-बीजिंग एक्सप्रेस-वे, नई दिल्ली-सिंगापुर एक्सप्रेस-वे और नई दिल्ली-यरूशलेम एक्सप्रेस-वे बना दिया जाए तो इसके और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। इसी तरह से रूस के मास्को-बीजिंग एक्सप्रेस-वे, मास्को-इस्ताम्बुल (तुर्किये) एक्सप्रेस-वे, मॉस्को-बर्लिन एक्सप्रेस-वे, मॉस्को-पेरिस एक्सप्रेस-वे के सपने देखे जाएं तो यह उसके लिए बेहतर हो सकता है।
रही बात चीन की तो उसके लिए बीजिंग-इस्ताम्बुल (तुर्किये) एक्सप्रेस-वे, टोकियो एक्सप्रेस वे-वॉटर वे, चीन-लाओस एक्सप्रेस-वे से उसके कारोबार में भी इजाफा हो सकता है। लेकिन क्या ऐसा करना आसान है? जवाब होगा- शायद हां भी और नहीं भी। आज जिस तरह से अरब मुल्कों पर वर्चस्व को लेकर, भारतीय उपमहाद्वीप में वर्चस्व को लेकर, दक्षिण चीन सागर में वर्चस्व को लेकर, हिन्द महासागर में वर्चस्व को लेकर, यूक्रेन में वर्चस्व को लॉकर, तिब्बत पर वर्चस्व को लेकर, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में वर्चस्व को लेकर अमेरिका-यूरोप और रूस-चीन के बीच तलवारें खींची रहती हैं, शह-मात के खेल चलते रहते हैं, उसके दृष्टिगत अब भारत का साथ रूस-चीन को मिलने के संकेत भर से अमेरिका और उसके यूरोपीय समर्थक देशों की परेशानी बढ़ गई है।
समझा जाता है कि अब रूस-भारत-चीन का प्रस्तावित त्रिकोण ही अमेरिका-यूरोप के देशों को उनकी लक्ष्मण रेखा बताएगा, ताकि एशिया-यूरोप में हथियार व गोला-बारूद खपाने को लेकर उनकी जो शातिर व भड़काऊ नीतियां हैं, वह बदली जा सकें। इस बारे में अब नए सिरे से उन्हें समझना होगा और जब वे समझने की कोशिश नहीं करेंगे तो फिर उसकी काट भी निकालनी होगी।
दरअसल, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ जब चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बातचीत हुई थी तो इसी क्रम में 'एक-चीन' नीति से संबंधित बात भी उठी थी। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री ने दावा किया कि भारत ने ताइवान को चीन का अंग मान लिया है।
फिर भारत के विदेश मंत्री ने उनकी कथित टिप्पणियों पर अपना स्पष्टीकरण दिया। इस पर चीन ने 'आश्चर्य' व्यक्त किया है। क्योंकि भारत ने कहा था कि ताईवान पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और उसके साथ नयी दिल्ली के संबंध आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक पहलुओं पर केंद्रित हैं।
मैं समझता हूं कि जयशंकर ने ऐसा इसलिए कहा होगा कि अभी तो मित्रता की पुन: शुरुआत हो रही है, जिसकी अग्नि परीक्षा अभी बाकी है। और फिर जब पाकिस्तान, अफगानिस्तान, पीओके, नेपाल, भूटान, तिब्बत, अरुणाचल प्रदेश, बंगलादेश, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव से जुड़े मामलों पर जब चीन के स्टैंड भारत के हितों के अनुकूल होंगे तो भारत भी उनके हितों का ख्याल रखेगा।
यही वजह है कि चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि, ''हम भारत के स्पष्टीकरण से हैरान हैं।'' वह जयशंकर की टिप्पणियों यानी भारत के स्पष्टीकरण की खबरों पर चीन के आधिकारिक मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। दरअसल, यह स्पष्टीकरण भी तब आया जब चीनी विदेश मंत्रालय ने वांग के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर के बयान को गलत तरीके से उद्धत करते हुए कहा था कि ताईवान चीन का हिस्सा है।
चीनी प्रवक्ता ने दावा किया कि बीजिंग इस स्पष्टीकरण को 'तथ्यों के साथ असंगत' पाता है। ऐसा लगता है कि भारत में कुछ लोगों ने ताईवान के मुद्दे पर चीन की संप्रभुता को कमज़ोर करने और चीन-भारत संबंधों में सुधार को बाधित करने की कोशिश की है। चीन इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसका कड़ा विरोध करता है। इसलिए मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहती हूं कि दुनिया में सिर्फ़ एक ही चीन है और ताईवान चीन के भूभाग का एक अविभाज्य हिस्सा है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर व्यापक सहमति है। चीन को उम्मीद है कि भारत 'एक-चीन' के सिद्धांत का गंभीरता से पालन करेगा, संवेदनशील मुद्दों को उचित ढंग से संभालेगा और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास को बढ़ावा देगा।
उल्लेखनीय है कि अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे वांग ने गत 18 अगस्त 2025 को जयशंकर के साथ बातचीत में यह मुद्दा उठाया था, जिसके बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीनी पक्ष ने ताइवान का मुद्दा उठाया था। लेकिन भारतीय पक्ष ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस मुद्दे पर उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। उसने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत का ताईवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रिश्ता है और यह आगे भी जारी रहेगा। भारतीय पक्ष ने कहा कि चीन भी इन क्षेत्रों में ताइवान के साथ सहयोग करता है।
उल्लेखनीय है कि अतीत में भी, भारत ने 'एक-चीन' नीति का समर्थन किया था, लेकिन 2011 के बाद से किसी भी द्विपक्षीय दस्तावेज़ में इस नीति को शामिल नहीं किया गया है। जबकि चीन ने अक्सर भारत से %एक-चीन% नीति का पालन करने का आग्रह किया है। यद्यपि भारत और ताईवान के बीच औपचारिक कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, फिर भी उनके द्विपक्षीय व्यापार संबंध लगातार बढ़ रहे हैं।
बता दें कि ताईवान एक स्वशासी द्वीप है जिसकी आबादी 2.3 करोड़ से अधिक है। यह दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत सेमीकंडक्टर का उत्पादन करता है, जिसमें सबसे उन्नत चिप्स शामिल हैं जो लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे स्मार्टफोन, कार के पुर्जे, डेटा सेंटर, लड़ाकू विमान और एआई तकनीकों के लिए आवश्यक हैं।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3634




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3633 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका (प्रेमी से)- नरेश, आप जुआ मत खेला करो, जुएँ में अगर आदमी एक दिन जीतता है तो दूसरे दिन हारता भी है।
नरेश- तो ठीक है! तुम्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं। आज से मैं एक दिन छोड़कर जुआ खेला करूँगा!

□ □ □

एक रईसजादी ने दो घोड़े खरीदे। उन दोनों घोड़ों की अलग-अलग पहचान के लिए अंतर कैसे रखा जाए, इस बाबद उसने अपने पड़ोसी से पूछा। पड़ोसी ने सुझाया कि एक घोड़े की पूँछ काट दो।
उसने पूँछ काट दी, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े की पूँछ एक झाड़ी में फँस गई और काटनी पड़ी। अब दोनों घोड़े पूँछ कटे हो गए थे। फिर पहचान की समस्या आ खड़ी हुई। उसने फिर पड़ोसी से राय ली।
पड़ोसी ने कहा कि एक घोड़े का एक कान काट दो, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े का कान खेत के चारों तरफ लगी तार फेंसिंग में उलझ कर कट गया।
उसने सुझाया कि उनकी ऊँचाई नाप लो। रईसजादी ने घोड़ों की ऊँचाई नापकर पड़ोसी को बताई- 'सफेद घोड़ा काले घोड़े से दो इंच ऊँचा है।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3634



**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 3633




## सूडोकू -3634


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3633 का हल



## शब्द पहेली - 3634



**बाएँ से दाएँ**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली -3633 का हल



# 10 लाख रुपयो की फर्जी लूट दिखाकर गबन करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

## कब्जे से घटना के 10 लाख रूपये, घटना प्रयुक्त दो गाड़ियां सहित अवैध असलहा बरामद

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने डेयरी मालिक के 10 लाख रुपयों को फर्जी लूट दिखाकर गबन करने वाले दो अभियुक्तों उमेश पुत्र नरेन्द्र पाल निवासी ग्राम महरिया थाना फरिया जनपद फिरोजाबाद, पवन कुमार पुत्र रनपाल सिंह निवासी ग्राम नंगला खरगा थाना फरिया जिला फिरोजाबाद को यथार्थ अस्पताल और ग्राम जगनपुर जाने वाली सर्विस रोड से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 10 लाख रूपये नगद, दो तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा, घटना में प्रयुक्त एक अर्टिगा कार नंबर यूपी 83 डीटी 8772, एक बैगनार कार नंबर यूपी 83 डीटी 1793 बरामद की है।




27 अगस्त 2025 को वादी मुकदमा द्वारा सूचना अंकित करायी गयी कि 21 अगस्त 2025 को मैं अपनी दूध की डेयरी से बिक्री के कलेक्शन का पैसा अपने ड्राईवर उमेश को देकर उसकी गाड़ी से अपने घर के लिये भेजा था जो कि कुछ देर बाद ड्राइवर के भाई से मुझे सूचना मिली कि उमेश को किसी ने गोली मार कर पैसा लूट लिया गया है और उमेश को अस्पताल में भर्ती करवा दिया है।

जिसके सम्बन्ध में थाना दनकौर मुकदमा अपराध संख्या 229/25 धारा 318(4) /316(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त उमेश को मय अर्टिगा गाडी नंबर यूपी 83 डीटी 8772 के गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त उमेश की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक खोखा कारतूस को भागीरथ बिहार के सामने यमुना एक्सप्रेस वे की झाडियो में से बरामद किया गया है।

घटना में शामिल अन्य अभियुक्त पवन कुमार को यमुना एक्सप्रेस केएमपी के पास ग्राम जगनपुर जाने वाली सर्विस रोड से मय वगैनॉर कार नंबर यूपी 83 डीटी 1793, एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक जिन्दा कारतूस, घटना में गबन किये गये 10 लाख रुपयो के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उमेश उपरोक्त द्वारा अपने साले पवन उपरोक्त के साथ मिलकर 10 लाख रूपये गवन करने का प्लान बनाया था।

21 अगस्त 2025 को उमेश उपरोक्त को मालिक जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा कलेक्शन के 10 रुपये देकर घर रखने के लिये भेजा था। अभियुक्त उमेश द्वारा पवन उपरोक्त को पहले ही रास्ते में मिलने के लिये बता दिया था। अभियुक्त पवन उपरोक्त बैगनार कार लेकर आया तथा भागीरथ बिहार के सामने यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर आया और अभियुक्त उमेश द्वारा प्लानिंग के तहत अपने मालिक जितेन्द्र के 10 लाख रूपयो से भरा बैंग अपने साले पवन को देकर मालिक जितेन्द्र को लूट दिखाने के उद्देश्य से अपने साथ लिये तमंचे से खुद के बाये कंधे पर कार अर्टिगा में बैठे हुए गोली मार ली और उस तमंचे को वही सर्विस रोड की झांड़ियो में फेंक दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# ग्रेटर नोएडा में सर्विस सेंटर कर्मचारी की मौत



## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, शव रखकर सड़क की जाम; पुलिस मौके पर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में एक सर्विस सेंटर कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरेंद्र के रूप में हुई है। वह सर्विस सेंटर पर काम करने के साथ मालिक की गाड़ी भी चलाता था।

परिजनों का आरोप है कि आज सुबह 6 बजे हरेंद्र को काम पर बुलाया गया, जबकि उसका नियमित समय सुबह 9 बजे का था। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि हरेंद्र की करंट लगने से मौत हो गई है।

परिजनों का आरोप है कि सर्विस सेंटर के लोगों ने जानबूझकर करंट लगाकर हरेंद्र की हत्या की है।

घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास 130 मीटर रोड पर पहुंच गए। बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, वे धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस के समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम जारी रखा है। वहीं पुलिस की तरफ से इस मामले में बताया गया कि घर गैराज में काम करते समय उसको करंट लगा था और इस दौरान उसकी मौत हो गई।

# 14.15 लाख युवाओं को प्रशिक्षण, 5.50 लाख को रोजगार

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए अनेको योजनायें संचालित कर उन्हें रोजगार से लगा रहे है।

उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिलाते हुए सबको हुनर, सबको काम की नीति पर चलते हुए प्रदेश सरकार युवाओं/युवतियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है।

प्रदेश के बहुत से युवक/युवतियों शिक्षित तो होते है, किन्तु बिना किसी हुनर, कौशल के वे रोजगार से नहीं लग पाते है।

प्रदेश सरकार उन्हें रोजगार से लगाने के लिए कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिलाती है और सम्बन्धित ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उन्हें स्वयं का बिजनेस, उद्यम स्थापित करने के लिए सहयोग एवं सरकारी/निजी क्षेत्र में सेवायोजित कराती है।

उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह जरूरी है कि वह उ0प्र0 का मूल निवासी हो और उसकी आयु 18 से 35 वर्ष की होना चाहिए। कुछ ट्रेड्र्स में आयु में शिथिलता है।

प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदक को आवेदन ऑनलाइन भरते समय आधार कार्ड, निवास, आयु, शैक्षिक योग्यता के प्रमाण, बैंक खाता नम्बर, पासपोर्ट साइज की फोटो, मोबाइल नम्बर आदि संलग्न करना होता है।

प्रदेश में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या को बढ़ाकर 324 किया गया है, जिससे वर्तमान में प्रवेशित सीटों की संख्या 1.84 लाख हो गयी है।

अप्रेन्टिसशिप योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 में 69 हजार से अधिक युवाओं को उद्योगों व एम0एस0एम0ई0 में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 08 वर्षों में 14.15 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 5.40 लाख युवाओं को सेवायोजन भी प्राप्त हुआ।

# 15 हजार वाहन मालिकों को टैक्स वसूली का नोटिस

**नोएडा।** परिवहन विभाग ने जिले के करीब 15 हजार वाहन मालिकों को बीते चार दिनों में नोटिस भेजे हैं। उन्हें रोड टैक्स जमा करने के लिए कहा गा है। टैक्स नहीं जमा करने पर वसूली की प्रक्रिया की जाएगी। परिवहन विभाग के अनुसार नोटिस में उन वाहन मालिकों को शामिल किया गया है, जिनकी गाड़ियों का काफी समय से रोड टैक्स बकाया है। बकाए रोड टैक्स के साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है। वाहन मालिकों को जल्द से जल्द टैक्स जमा करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि टैक्स नहीं जमा करने की स्थिति में और उनके वाहनों के सड़कों पर दौड़ते पकड़े जाने पर गाड़ियों को जब्त कर लिया जाएगा।इसके बाद भी टैक्स जमा करके यदि लोग वाहन नहीं छुड़ाते हैं तो वाहनों को नीलामी में शामिल करते हुए टैक्स और जुर्माने की वसूली की जाएगी। साथ ही जिला प्रशासन को भी इनकी सूची दी जाएगी, जहां से टैक्स वसूली की जाएगी।

# सेक्टर 113 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना सेक्टर 113 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत एक शातिर चोर कन्हैया पुत्र बद्री पासवान निवासी ग्राम चमेनिया थाना श्यामपुर भट्टा शिवहर बिहार वर्तमान पता केनल रोड कनावनी थाना इंदिरापुरम गाजियाबाद को जोडियक चौराहे के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।जबकि इसके एक अन्य फरार साथी रोहित पुत्र राकेश निवासी ग्राम बहादुर नगर थाना पिसावा सीतापुर को काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त कन्हैया पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।जिसे उपचार के लिए पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा,25909 रुपये नगद और एक चोरी की मोटरसाइकिल स्पलैण्डर बरामद की है।मिली



जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा बुधवार को जोडियक चौराहे के पास चेकिंग की जा रही थी तभी सामने से मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जो पुलिस को चेकिंग करता देख भागने का प्रयास करने लगे।

संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो बदमाशों द्वारा अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त कन्हैया उपरोक्त द्वारा 18/19 अगस्त 2025 की रात्रि में दान-पात्र से चोरी की गई थी एवं करीब 20-25 दिन पहले कन्हैया ने अपने साथी रोहित उपरोक्त के साथ मिलकर सेक्टर 116 नोएडा में स्थित स्टोर से केस बॉक्स की चोरी गई थी। जिसे अभियुक्तों द्वारा पैसे निकाल कर हिंडन नदी में फेंक दिया था। अभियुक्तों द्वारा अन्य चोरी की घटना भी कारित की गई है। जिनके संबंध में एवं अपराधिक इतिहास के बारे मे जानकारी की जा रही है।

# नोएडा पुलिस के सामने युवक- युवती ने जड़े थप्पड़

## दो पक्षों के बीच पैसों को लेकर था विवाद, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-15 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग शराब पिए हुए हैं। एक युवती पुलिस के सामने वहां खड़े लोगों की शिकायत कर रही है। इस दौरान पहले युवती एक युवक को तमाचा मारती है। इसके तुरंत बाद एक अन्य युवक युवती को तमाचा मारता है। पुलिस भी उस युवक को पकड़ती है, मारती है। ये वीडियो 18 अगस्त रात करीब साढ़े ग्यारह बजे का है। इसे आज सोशल मीडिया पर वायरल किया गया ।



पुलिस ने बताया कि वीडियो की जांच में सामने आया कि इसमें दो पक्ष हैं। इनका एक ही आयुर्वेदिक दवाओं का कारोबार है। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद थ। ये दोनों पक्ष एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। इसमें एक पक्ष कृष्णा पांडे और सौरभ शुक्ला निवासी सेक्टर 15 है। दूसरा पक्ष अभिषेक राय निवासी सेक्टर-107, मयंक चमौली निवासी सेक्टर 1 और आयुषी शर्मा है। इनमें से अधिकांश लोग शराब के नशे में थे। इनका आपस में शुगर बीपी की आयुर्वेदिक दवाईयों को लेकर विवाद हुआ था।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने लगी। इस दौरान युवती ने एक युवक को तमाचा मारा और दूसरे युवक ने युवती को तमाचा मारा। पुलिस ने सभी को शांत कराया। बताया कि दवाओं के बिजनेस में पैसों को लेकर विवाद था। पुलिस ने170/135/126 बीएनएसएस की व 292 बीएनएस की धारा के तहत एक्शन लिया।

# बिजली चोरी का विरोध करने पर बुजुर्ग पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र के अमरपुर गांव में बिजली चोरी का विरोध करने पर एक बुजुर्ग पर हमला किया गया। घटना बुधवार को हुई। 70 वर्षीय बृजपाल अभी नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। पीड़ित के बेटे जगदीश ने बताया कि उनके पिता दादूपुर गांव के फैक्ट्री मालिक अनिल को बिजली चोरी से रोक रहे थे। वे सरकारी ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई करते हैं। अनिल इसी ट्रांसफॉर्मर से बिजली चोरी करता था। इससे ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होकर खराब हो जाता था। विरोध करने पर अनिल ने अपने परिवार और अन्य लोगों के साथ बृजपाल पर हमला कर दिया। हमले में बृजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी हथियार लेकर पीड़ित के घर भी पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पांच लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अनिल, सुनील, कल्लू, पिल्लू, अंकित, धर्मेंद्र उर्फ धामा, प्रदीप, अनूप और विकास समेत 49 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसएचओ अरविंद वर्मा ने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पत्नी ने शहीद के नामपर सड़क का नाम रखने की मांग की

**ग्रेटर नोएडा।** मायचा गांव निवासी एक महिला ने शहीद पति के नाम पर सड़क या चौराहे का नाम रखने की मांग की है।

इस संबंध में डीएम के नाम प्रशासनिक अफसर को मांग पत्र देकर प्रशासन की ओर से किए गए वादों को पूरा करने के लिए कहा गया है।

मांग पत्र में उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार परिवार को आवासीय भूमि व रोजगार दिलाया जाए और शहीद की प्रतिमा लगाई जाएं। लंबे समय से शहीद की पत्नी मांगों को पूरा करने के लिए चक्कर लगा रही हैं।

महिला सरोज देवी ने बताया कि 1997 में उनके पति सुरेश सिंह भाटी का चयन सेना में हुआ था। वर्ष 2006 में उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर के बारामुला सेक्टर में तैनाती थी। 5 जुलाई 2006 को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से सरेश भाटी शहीद हो गए थे। उनके सिर में गोली लगी थी।

सात जुलाई को गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिवार के पत्नी के अलावा दो बच्चे और माता-पिता है।

उनके जाने के बाद परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है। तब प्रशासनिक अफसरों ने शहीद स्तंभ, सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखने और आवासीय व कृषि जमीन देने, एक सदस्य की नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं मिला है। डीएम से वादों को पूरा करने की मांग की है।

# ऑटो बेचने पर बेटे ने पिता को डंडे से पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दादूपुर गांव में एक बेटे ने ऑटो बेचने का विरोध करने पर अपने पिता को डंडे से पीट दिया। पीड़ित नरपत सिंह को गंभीर चोटों के साथ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नरपत सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा कुछ महीने पहले खरीदा गया ऑटो बेच रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बेटे ने बुधवार रात उन पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान होकर गिर गए। परिवार के सदस्यों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने गुरुवार शाम को कोतवाली में अपने बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जल दोहन के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

## जेबीएम यूनिवर्सिटी पर अवैध बोरिंग का आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने ग्रेटर नोएडा में जल दोहन के विरोध में प्रदर्शन किया। चौधरी लखन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन को राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज का मार्गदर्शन प्राप्त था।

किसानों ने दो टीमें बनाईं। पहली टीम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। उन्होंने जल संकट को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

दूसरी टीम यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र स्थित जेबीएम यूनिवर्सिटी, सेक्टर-22ई गई। यहां यूनिवर्सिटी पर अवैध जल दोहन का आरोप लगाया गया।



प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी की बोरिंग से क्षेत्र का जल स्तर लगातार गिर रहा है। इससे आसपास के इलाकों में पानी की समस्या पैदा हो सकती है। प्रदर्शन में लखन चौधरी, गजब प्रधान, राजन सिंह, सुनील भाटी समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि जल दोहन पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## 13 सितंबर को लोक अदालत का होगा आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जिला न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर मलखान सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13/09/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबंधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हों, वे मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाएंगे।

## दादरी में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

गौतमबुद्धनगर। ग्राम्य पंचायत विकास योजना में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं जलवायु परिवर्तन-जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन का समावेशीकरण विषयक तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 28 अगस्त, 2025 को जिला ग्राम्य विकास संस्थान, दादरी (गौतमबुद्धनगर) में जिला प्रशिक्षण अधिकारी दादरी डॉक्टर प्रियंका शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम्य विकास, कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व एवं पंचायतीराज विभाग के कुल 34 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित विविध विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एन0डी0आर0एफ0 गाजियाबाद के निरीक्षक/जी0डी0 विनोद कुमार एवं उनकी टीम द्वारा आपदा की स्थिति में क्या करें, क्या न करें, सामान्य अवधारणाएँ एवं संवेदनशीलता सम्बन्धी बिन्दुओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया तथा सी0पी0आर0 का प्रायोगिक प्रदर्शन कराया गया।

## नोएडा में सैंडविच के बीच निकला ग्लव्स

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 45 में एक ग्राहक ने ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप से सैंडविच मंगवाया। इस दौरान जैसे ही उसने सैंडविच का एक कौर खाया, वैसे ही उससे प्लास्टिक के ग्लव्स निकल आए। इसकी शिकायत ग्राहक ने एक्स पर की। साथ ही इस घटना की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तेजी से वायरल हो रही है। यह घटना 26 अगस्त की बताई जा रही है। यूजर सतीश सरावगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मैंने एक सैंडविच ऑर्डर किया और खाने में एक दस्ताना मिला। यह अस्वीकार्य है और स्वच्छता संबंधी गंभीर चिंता का विषय है। कृपया जांच करें और यथाशीघ्र जवाब दें। इसी पोस्ट में उन्होंने खाद्य विभाग के एक्स हैंडल को टैग किया। अब इस घटना से सवाल उठने लगा है कि आखिर ऑनलाइन मंगाए जाने वाले इन खाद्य पदार्थों को कितनी स्वच्छता के साथ बनाया जाता है? इस पर खाद्य विभाग कैसे शिकंजा कसेगा। इस मामले के सामने आने पर जोमैटा ने प्रतिक्रिया दी और इस घटना को निराशाजनक करार दिया। जोमैटो ने एक्स पर लिखा, %नमस्ते सतीश, यह सुनकर हमें बहुत धक्का लगा है।

## यमुना का जलस्तर फिर बढ़ा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना में एक बार फिर गुरुवार को उफान आ गया। हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी से ओखला बैराज में रातोंरात 19127 क्यूसेक पानी बढ़ गया। इससे अफसरों की चिंता फिर बढ़ गई और डूब क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए गए। हालांकि, जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे है। यमुना में कुछ दिन पहले जलस्तर काफी कम हो गया था, लेकिन गुरुवार को फिर जलस्तर बढ़ गया है। यमुना में 198.55 मीटर यानी 48,773 क्यूसेक पानी बह रहा था, जबकि बुधवार शाम तक सिर्फ 29,646 क्यूसेक पानी था। यह जलस्तर रातोंरात बढ़ा, इससे अफसरों की चिंता बढ़ गई।जिलाधिकारी ने मामले में तीनों तहसील प्रशासन को डूब क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए हैं। हालांकि, हिंडन में जलस्तर स्थिर है। हिंडन में गुरुवार को भी 199.75 मीटर यानी 4589 क्यूसेक पानी रहा था। पिछले सप्ताह ही यमुना में जलस्तर 89 हजार क्यूसेक हो गया था, जिससे कानीगढ़ी, गोविंदगढ़, पूरन नगर, शमशमनगर, छोटा झुप्पा, झुप्पा गांव के खेतों में फसलें जलमग्न हो गई थीं। सेक्टर-150 के पास 25 से अधिक फार्म हाउस में पानी भर गया था।

## स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित

**दादरी।** नगर पालिका परिषद और प्रेमांश फाउंडेशन की टीम एवं स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ आदतों के महत्व तथा सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। सनराइज स्कूल में विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि, स्वच्छ कपड़ों के महत्व, साफ़-सफाई बनाए रखने के सरल उपाय, कचरा प्रबंधन तथा स्वच्छ वातावरण का स्वास्थ्य पर प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। स्टेशनरी किट्स का वितरण कर बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य सुभाष ने कहा कि प्रेमांश फाउंडेशन का यह प्रयास समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों में स्वच्छता की आदतें डालना राष्ट्र निर्माण का आधार है। इस अवसर पर प्रीतिश, विकास, श्रेया नागपाल, श्रुति शिवप्रसाद, लावण्य तलवार, नेहल पाठक, आशना अग्रवाल, अभिजीत, नरेंद्र सिंह राठोड़, डॉक्टर रवींद्र कुमार उपस्थित रहे।

## नोएडा में मेडिकल कार्यशाला का आयोजन

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-70 में बृहस्पिवार को फ़र्स्टवन रिहैब फ़ाउंडेशन द्वारा विशेष मेडिकल वर्कशॉप एवं सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था कंधे और उससे जुड़ी समस्याएं। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी विभाग के विद्यार्थियों ने इस परेशानी से जुडे लोगों ने विशेषज्ञों से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री, बी.एल. वर्मा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और कहा कि इस प्रकार के मेडिकल वर्कशॉप और सेमिनार विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं। फ़र्स्टवन रिहैब फ़ाउंडेशन के निदेशक डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव डॉ. महिपाल सिंह और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुष्मिता भाटी शामिल रहे। डॉ. दीक्षा ने कंधे के जोड़ की संरचना, बायोमैकेनिक्स और सामान्य समस्याओं जैसे फ्रोजन शोल्डर व रोटेटर कफ इंजरी के बारे में विस्तार से बताया।

## स्ट्रीट लाइटों की कमी व खराबी को दूर किया जाए

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर डेल्टा दो के निवासी बृहस्पतिवार को एनपीसीएल अधिकारियों से मिले। उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रीट लाइटों की कमी और खराबी से अवगत कराया। सेक्टर अध्यक्ष बॉबी भाटी व महासचिव आलोक नागर ने सेक्टर में लग रहे लंबे पावर कट को रोकने हेतु स्थायी समाधान करने की मांग की। साथ ही जले व खराब हो चुके पैनलों को शीघ्र बदले जाने के लिए कहा। निवासियों ने अधिकारियों से कहा कि उनसे लिया जा रहा अतिरिक्त सुरक्षा शुल्क की वसूली पर रोक लगाई जाए। विद्युत केबलों में फॉल्ट आने पर मरम्मत के दौरान खोदाई कार्य अधूरा छोड़ दिया जाता है। सभी खुदाई कार्यों को मानक अनुसार पूरी फिनिशिंग के साथ दुरुस्त किया जाए। सेक्टर की आंतरिक सड़कों पर स्ट्रीट लाइट्स की कमी व खराबी को तत्काल दूर किया जाए। ट्रांसफार्मरों के पास उचित सुरक्षा घेराबंदी (फेंसिंग) की जाए ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। पुराने व जर्जर तारों को बदला जाए जिससे बार-बार शॉर्ट सर्किट और फॉल्ट की समस्या न हो। निवासियों ने यह भी बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी समाधान में विलंब होता है। इसके लिए त्वरित शिकायत निस्तारण प्रणाली लागू करने की मांग की गई। सेक्टर के भीतर स्थित खाली प्लॉटों में मजदूर परिवार बिना वैध अनुमति व हार्डर (मीटर कनेक्शन) के रह रहे हैं और चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 29 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# 10 डॉक्टरों पर गिरी गाज, 4 बर्खास्त

## महिला कर्मियों से अभद्रता करने वाले चंदौली के डॉक्टर का बलिया ट्रांसफर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अनुशासनहीनता और बिना सूचना गैरहाजिरी पर लखनऊ के चार डॉक्टरों और एक डाटा इंट्री ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। ये कार्रवाई डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुआ है। चंदौली जिला अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर अशोक कुमार का ट्रांसफर करते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। उन पर महिला कर्मियों से अभद्रता के आरोप लगे हैं। इसके अलावा छह अन्य चिकित्सकों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू की गई है। लखनऊ के नीलमथा अबर्न पीएचसी की डॉ. शिल्पी गुप्ता, कल्लन खेड़ा अर्बन आयुष्मान मंदिर की डॉ.



कीर्ति राय, चौपटिया के डॉ. मोहसिन रजा, कटरा विजनवेग के डॉ. मुस्तकुल आफरीन कुरैशी और डाटा इंट्री ऑपरेटर सरिता कुमारी को बर्खास्त कर दिया गया है।

### दो और डॉक्टर होंगे बर्खास्त

इसी तरह हाथरस में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शालिनी गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनल अग्रवाल बिना बताए लंबे समय से गैरहाजिर हैं। शिकायत के आधार पर जून 2023 में दोनों चिकित्सकों को निलंबित कर दिया गया था। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में आरोप सही पाए गए। अब दोनों डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश डिप्टी सीएम द्वारा जारी किए गए हैं।

### 4 अन्य डॉक्टरों को भी बर्खास्त करने का निर्देश

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बरेली में सीएमओ के अधीन डॉ. पुनीत मेहरोत्रा, हाथरस में महौ सीएचसी के डॉ. आदित्य श्रीवास, बरेली में महिला चिकित्सालय की डॉ. अर्चना सिंह को बर्खास्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिद्धार्थनगर में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात डॉ. आजाद को नोटिस देकर बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चंदौली में डॉक्टर का तबादला, होगी जांच

वहीं, चंदौली के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ. अशोक कुमार पर महिला कर्मियों से अभद्रता व मनमानी करने के आरोप लगे हैं। शिकायत पर डिप्टी सीएम ने डॉ. अशोक का तबादला बलिया में कर दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

## ऑटो, टेंपो और मैजिक वाहनों पर संयुक्त कार्रवाई



**पीलीभीत।** जनपद में सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक सीट लगाकर उन्हें संचालित करने वालों पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। बुधवार को पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने असम चौराहे पर अभियान चलाते हुए ऐसे दर्जनों वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 50 ऑटो, टेंपो और मैजिक वाहनों को पकड़ा गया जिनमें मानक से अधिक सीटें लगाई गई थीं। मौके पर ही गैस कटर की मदद से उनकी अतिरिक्त सीटों को हटवा दिया गया। अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी यातायात विधिभूषण मौर्य, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह और यातायात निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने किया। टीम ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी वाहन में अतिरिक्त सीट पाई गई तो संबंधित वाहन सीज कर दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से वाहन स्वामी की होगी। दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाने के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन्हीं घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पुलिस एवं परिवहन विभाग का यह संयुक्त अभियान चलाया गया है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## शार्ट न्यूज

### ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न, स्वयं सहायता समूहों को प्रेरित करने पर जोर



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त स्वत: रोजगार ने समूह गठन, प्रोफाइलिंग, ग्राम संगठन में समूहों की मैपिंग और क्लस्टर लेवल फंड की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा गम्बूसिया मछली पालन, जलकुंभी से उत्पाद निर्माण, मशरूम खेती व उत्पाद, कारचोबी, जरदोजी, बैग निर्माण, काला चावल व काला गेहूं की खेती, एलईडी बल्ब निर्माण, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, हौजरी आदि कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा आजीविका सखी, बैंक सखी, विद्युत सखी और स्वास्थ्य सखी की भूमिकाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी समूहों के बैंक खाते खुलवाए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को गौशालाओं से जोड़ते हुए गोबर से उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित किया जाए।

### गाजीपुर न्यायालय परिसर में मलबे की नीलामी अब 09 सितंबर को

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** वाह्य स्थित न्यायालय सिविल जज (जू.डि.), सैदपुर, गाजीपुर के परिसर में पड़ी पुरानी बाउंड्रीवाल के मलबे (लोहे का स्क्रैप तथा ईंट का टुकड़ा) की सार्वजनिक नीलामी, नीलामी समिति की उपस्थिति में पूर्व में दिनांक 28.07.2025 एवं 19.08.2025 को अपराह्न 04: 30 बजे मुख्यालय स्थित दसकक्षीय न्यायालय भवन के मुख्य सभागार में आयोजित की गई थी। हालांकि, इन दोनों तिथियों को नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाताओं द्वारा निर्धारित न्यूनतम बोली 64,860.00 से कम बोली लगाने के कारण नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इस कारण अगली नीलामी की तिथि पहले 05.09.2025 निर्धारित की गई थी, किंतु उस दिन बरावफात का अवकाश होने के कारण अब यह नीलामी मंगलवार, 09.09.2025 को अपराह्न 04: 30 बजे मुख्यालय स्थित दसकक्षीय न्यायालय भवन के मुख्य सभागार में की जाएगी। नीलामी समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष सं. 04, गाजीपुर, श्री अभिमन्यु सिंह ने यह सूचना दी है।

### संभल में किशोर की मौत, परिजनों का हंगामा

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में एक 13 वर्षीय किशोर की निजी अस्पताल से रेफर होने के बाद रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव ब्यौरा खास निवासी जसवंत के पुत्र अजय के रूप में हुई है। किशोर को पेट दर्द की शिकायत के बाद बुधवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 24 घंटे के इलाज के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। गुरुवार शाम को अस्पताल ने उसे रेफर कर दिया। रेफर करने के मात्र 10 मिनट बाद ही रास्ते में किशोर ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर वापस उसी निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के समय अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। कोतवाली चंदौसी पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दोनों पक्षों की बात सुनकर मामले की जांच कर रही है।

### कार ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत

**बागपत।** बागपत-मेरठ हाईवे पर मीतली तिराहे के पास एक कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान बागपत के थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के डौला गांव निवासी 24 वर्षीय नफीस के रूप में हुई है। नफीस बाइक से बागपत से अपने घर जा रहा था। मीतली तिराहे के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में नफीस गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक ने अन्य वाहन की मदद से घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने नफीस को जिला अस्पताल बागपत रेफर कर दिया। स्वजन एम्बुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। टटीरी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विपिन कुमार यादव ने कार चालक को हिरासत में लेकर कोतवाली बागपत भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रसव के बाद महिला की मौत, हंगामा

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के कपूरथला श्री शिवशक्ति हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में एक महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई। थाना शारदानगर निवासी लवकुश की पत्नी आरती (22) को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे आरती ने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों के मुताबिक, बच्ची के जन्म के बाद आरती की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से आरती की मौत हुई। नवजात बच्ची की हालत सामान्य बताई जा रही है। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल के बाहर हंगामा करने लगे। सूचना पर शहर कोतवाल हेमंत राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अभी तक मामले की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका ने चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काटा

हरदोई। हरदोई में प्रेमिका ने चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया। प्रेमी राजस्थान से प्रेमिका के घर उससे मिलने पहुंचा था। उसने अफेयर के दौरान प्रेमिका के कुछ अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए थे। इसे सोशल पर पोस्ट करने की धमकी देकर शादी का दबाव बना रहा था।

बुधवार देर रात दोनों के बीच झगड़ा हो गया। प्रेमिका ने सब्जी काटने वाले चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया।

घटना के करीब 5 घंटे बाद प्रेमी मेडिकल कॉलेज पहुंचा। अस्पताल स्टाफ से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ के बाद युवक फरार हो गया। घटना मल्लावां थाना क्षेत्र की है। राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले जसवंत सिंह का हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र की युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जसवंत बुधवार को अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। दोनों एक प्राइवेट कंपनी में साथ काम करते थे। लड़की पहले ही घर वालों को लड़के से मिलवा चुकी थी।

रात में सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए। इसी दौरान दोनों के बीच रात करीब 2 से 2: 30 बजे के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। युवती ने घर में रखे चाकू से प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया। सुबह 7: 40 बजे युवक हरदोई मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने के लिए पहुंचा। अस्पताल कर्मियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक से पूछताछ की।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की अधिकारी के बंद घर में चोरी

**लखनऊ।** लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में एक चोरी का मामला सामने आया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में सह समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत नेहा वर्मा के घर से नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए। नेहा वर्मा बुद्ध विहार कालोनी, साईदाता रोड, अर्जुन गंज लखनऊ की रहने वाली हैं। उनके पति आनंद कुमार का निधन 24 जून 2025 को हुआ था। इसके बाद वह घर बंद कर इलाहाबाद चली गई थीं। 12 अगस्त को दोपहर 1: 30 बजे जब नेहा अपनी मां के साथ लखनऊ पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारियों और लॉकर के ताले भी टूटे हुए थे। नेहा ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जांच के दौरान पता चला कि चोर उनके पति द्वारा खरीदी गई जमीन की दो रजिस्ट्री, मेदांता अस्पताल के सभी मूल मेडिकल बिल और 1 लाख 75 हजार रुपए नकद ले गए हैं।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि राजकीय इंटर कॉलेज न्यूरिया में शौचालय, अतिरिक्त कक्ष, लैब एवं पुस्तकालय निर्माण, जिला सहकारी बैंक भवन निर्माण, अमरिया में अनावासीय भवन, पूरनपुर पालिका परिषद पेयजल योजना, ब्रह्मचारी घाट पर्यटन विकास कार्य, आश्रम पद्धति विद्यालय माधौटांडा, पॉलिटेक्निक पूरनपुर छात्रावास, नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भौतिक व रसायन विज्ञान प्रयोगशाला,



मल्टीपरपज हॉल, सामुदायिक केंद्र मरौरी, आईटीआई दबका बढेपुरा, गौ संरक्षण केंद्र बहादुरपुर हुक्मी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का एकेडमिक ब्लॉक, छात्रावास निर्माण, ड्रग वेयरहाउस, पानी की टंकी व पेयजल आपूर्ति तथा नई सड़कों के निर्माण जैसे कार्य प्रगति पर हैं।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुके कार्यों को शीघ्र हैंडओवर किया जाए और अधूरे कार्यों में तेजी लाई जाए।बैठक में आकांक्षात्मक विकासखण्ड पूरनपुर की जून-जुलाई 2025 की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। नीति आयोग द्वारा निर्धारित 40 इंडीकेटर और प्रदेश की प्राथमिकता के 10 इंडीकेटर सहित कुल 50 बिंदुओं पर विभागवार समीक्षा हुई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पीलीभीत में गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृतधारा

## 7 से 13 सितम्बर तक होगा भव्य आयोजन, कलश यात्रा से होगी शुरुआत

**पीलीभीत।** भक्ति, ज्ञान और धर्म की महिमा से नगर को आलोकित करने वाला अद्वितीय आध्यात्मिक आयोजन जल्द ही पीलीभीत में आरंभ होने जा रहा है। श्री देवी सम्पद् संकीर्तन मंडल, पीलीभीत के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 7 सितम्बर से 13 सितम्बर समय प्रतिदिन सायं 6: 30 से रात्रि 9: 30 बजे तक अग्रवाल सभा भवन में संपन्न होगा। आयोजन का शुभारंभ रविवार, 7 सितम्बर प्रात: 8-30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा श्रद्धा और भक्ति का अद्वितीय संगम होगी, जो अग्रवाल सभा भवन से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुँचेगी। यात्रा के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। शिवानन्द महाराज की वाणी से बहेगा ज्ञान का सरोवर। इस आयोजन में कथा व्यास के रूप में विख्यात परम् पूज्य आचार्य शिवानन्द जी महाराज पधार रहे हैं। उनकी मधुर वाणी से प्रवाहित होने वाली भागवत कथा न केवल धर्म और अध्यात्म का बोध कराएगी, बल्कि समाज को भक्ति, प्रेम, सद्भाव और शांति की ओर प्रेरित करेगी। आयोजकों की विशेष अपील। श्री देवी सम्पद् संकीर्तन मंडल ने समस्त नगरवासियों और धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है कि वे अपने परिवार सहित इस महान धर्म महोत्सव में शामिल होकर भागवत कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करें। आयोजक ‌ श्री देवी सम्पद् संकीर्तन मंडल, पीलीभीत निवेदक डॉ. आस्था अग्रवाल, वार्ड सदस्य नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

सनातन धर्म की पावन धारा और श्रीमद्भागवत कथा की अमृतवाणी से पीलीभीत का वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। यह आयोजन नगर के लिए धर्म, संस्कृति और समाजिक एकता का अद्वितीय संदेश लेकर आएगा।

# प्रयागराज में भाजपा नेता को 8 टुकड़ों में काटकर फेंका

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर यादव की हत्या कर दी गई। वह 22 अगस्त से लापता थे। 22 अगस्त को ही उनकी हत्या की गई थी। इसके बाद लाश को 8 टुकड़ों में काटकर पूरामुफ्ती में रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था।

यहां पुलिस ने लाश का अज्ञात में पंचनामा किया। फिर शिनाख्त होने का इंतजार करने के बाद तीसरे दिन (72 घंटे बाद) बॉडी अज्ञात में डिस्पोज ऑफ कर दी गई थी। वहीं, पुलिस की टीमें 27 अगस्त तक भाजपा नेता रणधीर यादव को चित्रकूट में ढूंढती रही।

गुरुवार को जब पुलिस ने रणधीर यादव के दोस्त राम सिंह को पकड़ा, तो उसने पूरी बात कबूल की। उसने 22 अगस्त को ही हत्या करके लाश प्रयागराज के पूरामुफ्ती इलाके में फेंकने की बात बताई। इसके बाद पुलिस अफसरों के भी होश उड़ गए हैं।

## बलिया में 10 मकान गंगा नदी में समाए

**उत्तर प्रदेश।** लखनऊ में गुरुवार दोपहर बारिश हुई। अब तेज हवाएं चल रही हैं। लखीमपुर में भी तेज बरसात हुई। प्रदेश में 5 दिन की झमाझम बारिश के बाद फिर से गंगा-यमुना उफान पर हैं। 17 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभारी मंत्रियों को तत्काल फील्ड में उतरने को कहा है। इधर, बलिया में गंगा नदी जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। दो महीने में तीसरी बार आई बाढ़ से शहर के निचले इलाके डूब गए हैं। बीते 24 घंटे में बैरिया तहसील क्षेत्र के चक्की नौरंगा गांव के 10 मकान गंगा में समा गए। खतरे को भांपकर इन ग्रामीणों ने पहले ही अपने घरों को खाली कर दिया था। वहीं, बहराइच में 14 साल के बच्चे को मगरमच्छ नदी में खींच ले गया। नाबालिग अपनी चाची के साथ नदी किनारे खेत में घास काट रहा था। इसी दौरान मगरमच्छ नदी से निकला और बच्चे पर हमला कर दिया। उसका पैर पकड़कर नदी में खींच ले गया। महराजगंज में मगरमच्छ तालाब से निकलकर रिहायशी इलाके में घुस गया। उसे देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने जाल बिछाकर मगरमच्छ को पकड़ लिया। फतेहपुर में बारिश से ससुर खडेरी नदी के पुल में दरार आ गई है। यह पुल डेढ़ साल पहले ही बनकर तैयार हुआ था। इसकी लागत 98 लाख रुपए आई थी। प्रयागराज में गंगा और यमुना पिछले दो महीने में चौथी बार उफान पर हैं। निचले इलाकों के 10 हजार घरों में बाढ़ का पानी भर गया है।

## जीजा चढ़ा बिजली टॉवर पर, बोला-साली से शादी कराओ

**कन्नौज/ चंदौली।** यूपी के कन्नौज और चंदौली में गुरुवार को दो प्रेमियों ने कई घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया। कन्नौज में जीजा अपनी साली से और चंदौली में एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से शादी करने के लिए टॉवर पर चढ़ गए। टॉवर पर चढ़ने की खबर मिलते ही मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस को दोनों को नीचे उतारने के लिए घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। साली से शादी की जिद पर अड़ा युवक सुबह अपनी पत्नी से इसी बात को लेकर झगड़ा कर निकला था। वह हाईटेंशन लाइन वाले टॉवर पर चढ़ गया। 4 घंटे की मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा जा सका।

# ‘पर्वों का आनंद शांति में ही निहित है’ : एसडीएम

## त्योहारों की दृष्टिगत शांति कमेटी की बैठक संपन्न

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** भीटी तहसील क्षेत्र के सर्किल भीटी स्थित थाना अहिरौली पर बारावफात तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति कमेटी की बैठक की गई। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह,क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा तथा थाना अध्यक्ष अहिरौली अभिषेक त्रिपाठी मौजूद रहे। पीस कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी भीटी ने कहा कि त्योहार खुशियों का प्रतीक हैं और पर्वों का आनंद शांति में ही निहित है,सभी लोग अपने-अपने त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये और कोई भी नया कार्य



न करें ताकि प्रशासन एवं पुलिस और स्वयं को समस्या का सामना न करना पड़े।क्षेत्राधिकार भीटी ने अफवाहों से बचने और भाईचारा बनाए रखने की अपील की उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के आदेशों और निर्देशों का आप सभी लोग कड़ाई से पालन करें। उपस्थित सभी अधिकारियों ने सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की थाना अध्यक्ष अहिरौली अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि इस दौरान सभी को सजग रहना होगा।इस दौरान दोनों समुदाय से जुड़े गणमान्य व जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे। एसडीएम भीटी तथा सीओ भीटी ने सभी का धन्यवाद किया।

# दस्तावेज चेक कर ‘108’ चालकों को दी हिदायत

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** गुरुवार को एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने आकस्मिक आपातकालीन चिकित्सीय सेवा 108 एंबुलेंस के दस्तावेज और फिटनेस की जांच की।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी आपातकालीन चिकित्सीय सेवा 108 के अंदर मरीजों के लिए उपयोग में आने वाली दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित तमाम उपकरणों की सूक्ष्मता से जांच की गई। साथ ही एंबुलेंस से संबंधित बीमा,ड्राइवर के डीएल और आवश्यक दस्तावेज की भी जांच की गई,एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने लाग् बुक देखा और ड्राइवर से पूरी जानकारी ली इसके बाद एसडीएम भीटी के द्वारा हितग्राहियों



की जानकारी भी ली गयी। जांच के बाद एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सभी चालकों को सख्त निर्देश दिए की एंबुलेंस सही से चलाएं और सायरन का उपयोग आवश्यकता होने पर ही करें बेवजह सायरन का उपयोग न करें।एसडीएम भीटी ने बेहतर साफ सफाई बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिया। एसडीएम भीटी ने कहा कि 108 एम्बुलेंस न केवल गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचा कर जीवन रक्षक की भूमिका निभाते हैं बल्कि वह सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच की सबसे अहम कड़ी भी हैं।एसडीएम भीटी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी पर कम्युनिटी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक करके भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए,और उनको उनके कर्तव्यों के प्रति सचेत किया गया।

## नहर के पास मिली बाइक और कपड़े, युवक लापता

**संतकबीर नगर।** संतकबीर नगर के खलीलाबाद में एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। तामेश्वरनाथ चौकी प्रभारी अरविंद यादव के अनुसार, महुली थाना क्षेत्र के मैनसिर निवासी रविंद्र सैनी ने अपने बेटे सूरज की गुमशुदगी की सूचना दी है। गोताखोरों के काफी प्रयास के बावजूद भी कुछ हाथ नहीं लगा। रविंद्र सैनी ने बताया कि मंगलवार को एक घरेलू मामले को लेकर उन्होंने सूरज को डांटा था। इसके बाद सूरज अपनी बाइक लेकर घर से चला गया। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर बुधवार को पूरे दिन उसकी तलाश की गई। गुरुवार सुबह तामा खास के कुछ लोगों ने सूरज की मोटरसाइकिल और कपड़े नहर की पुलिया के पास पड़े होने की सूचना दी।

# मिल रही यूरिया, चहक उठी किसानों की उम्मीदें

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** अंबेडकर नगर जनपद सहित भीटी तहसील क्षेत्र में जहां हफ्ता भर पहले यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ था वही भीटी तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद की कहीं कोई किल्लत नहीं है।भीटे तहसील क्षेत्र की सभी सहकारी समितियों पर यूरिया खाद उपलब्ध है,और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार वितरित की जा रही है।यह दुष्कर कार्य एआर कोऑपरेटिव राघवेंद्र प्रताप शुक्ला(सहायक आयुक्त सहकारिता) की कड़ी मेहनत व कुशल प्रशासनिक दक्षता के बल पर ही संभव हो पाया है। आज आलम यह है की भीटी कस्बा क्षेत्र की दोनों दोनों सहकारी समितियों के अलावा महरुआ खजुरी में पर्याप्त



मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है,और किसान लाभान्वित हो रहे हैं।इसमें भीटी तहसील क्षेत्र के कुछ पदीय दायित्व को प्रमुखता से निभाने वाले,होनहार,तेजतर्रार सचिवों का भी योगदान है उदाहरण के तौर पर नीरज त्रिपाठी सचिव भीटी,सोनाली उपाध्याय सचिव भीटी,नारायण चौबे सचिव खजुरी ने यूरिया खाद संकट के दौर में बहुत ही सराहनीय कार्य को अंजाम दिया है।सहायक आयुक्त सहकारिता राघवेंद्र प्रताप शुक्ला के द्वारा मांग के अनुरूप भंडारण दुगना करने से भीटी तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद की कोई कमी शेष नहीं है। अन्नदाताओं में यूरिया खाद पाकर चेहरे पर नई चमक और मुस्कान फिर से लौट आई है। धान सहित अन्य खरीफ फसलों को देखकर अन्नदाता गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# बिगड़ता जा रहा है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिकों ने जताई चिंता, दिमाग से जुड़ी है बीमारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दो प्रमुख मनोवैज्ञानिकों- डॉ. हैरी सेगल और डॉ. जॉन गार्टनर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मानसिक और शारीरिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। विशेषज्ञों का दावा है कि 79 वर्षीय ट्रंप में डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के स्पष्ट लक्षण दिखाई दे रहे हैं, जो समय के साथ बदतर होते जा रहे हैं। यह दावा उनके हालिया कार्यक्रम श्रिंकिंग ट्रंप में किया गया, जिसमें ट्रंप के व्यवहार और शारीरिक गतिविधियों में असामान्य बदलावों पर चर्चा की गई।



## मनोवैज्ञानिकों का दावा-ट्रंप में फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया के लक्षण

डॉ. गार्टनर ने कहा कि ट्रंप की मनो-मोटर कार्यप्रणाली में स्पष्ट गिरावट देखी जा रही है, जो डिमेंशिया का एक प्रमुख संकेत है। उन्होंने बताया कि ट्रंप संभवतः फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया से पीड़ित हो सकते हैं, जो एक असामान्य प्रकार का डिमेंशिया है। यह बीमारी मस्तिष्क के सामने और किनारे के हिस्सों को प्रभावित करती है, जिसके कारण व्यवहार और भाषा से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यह बीमारी धीरे-धीरे वर्षों में और गंभीर होती जाती है।

डॉ. गार्टनर ने बताया, पिछले साल एक न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट ने हमें बताया था कि फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया का एक प्रमुख लक्षण है वाइड-बेस्ड गेट, जिसमें व्यक्ति का एक पैर असामान्य रूप से अर्ध-वृत्ताकार गति में हिलता है। उन्होंने हाल ही में अलास्का में ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई मुलाकात के दौरान के वीडियो का हवाला दिया, जिसमें ट्रंप को लाल कालीन पर चलते समय असामान्य तरीके से डगमगाते देखा गया।

## ट्रंप लाल कालीन पर डगमगा रहे थे

डॉ. गार्टनर ने वीडियो का विश्लेषण करते हुए कहा, ट्रंप लाल कालीन पर इधर-उधर डगमगा रहे थे। उनके दाहिने पैर की गति उन्हें बाईं ओर धकेल रही थी, और फिर वह इसे ठीक करने के लिए दूसरी ओर बढ़ रहे थे।

उन्होंने मजाक में कहा, अगर आपको ड्रंक ड्राइविंग टेस्ट के लिए रोका जाता और आप इस तरह चलते, तो आप निश्चित रूप से फेल हो जाते। डॉ. सेगल ने भी इस पर सहमति जताई और कहा, यह बहुत असामान्य है। ट्रंप नशे में नहीं दिख रहे, फिर भी वे अपने एक पैर पर नियंत्रण खोते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## ट्रंप का स्वास्थ्य और उनकी प्रतिक्रिया

इन चिंताओं के बावजूद, ट्रंप ने अपनी संज्ञानात्मक क्षमताओं की बार-बार प्रशंसा की है। अप्रैल में अपनी वार्षिक मेडिकल जांच के बाद, ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने संज्ञानात्मक परीक्षण में सर्वोच्च अंक हासिल किए। हालांकि, डॉ. सेगल और डॉ. गार्टनर ने पहले ही इस दावे को खारिज करते हुए कहा था कि यह परीक्षण सामान्य रूप से आसान होता है और इसे पास करना कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है।

## ट्रंप की सेहत को लेकर बढ़ती चिंता

मनोवैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि ट्रंप अपनी सेहत से जुड़ी चिंताओं को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल के दिनों में उन्हें अपने हाथ के पिछले हिस्से को छिपाते हुए देखा गया है, जिसे विशेषज्ञ उनके स्वास्थ्य में गिरावट का एक संकेत मान रहे हैं। डॉ. गार्टनर ने कहा, ट्रंप की सार्वजनिक उपस्थिति, भाषा और मौखिक अक्षमता के साथ-साथ अब उनकी मोटर क्षमता में भी गिरावट स्पष्ट हो रही है।

## फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया क्या है?

फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया एक दुर्लभ प्रकार का डिमेंशिया है, जो मस्तिष्क के फ्रंटल और टेम्पोरल लोब्स को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में व्यवहार में बदलाव, भाषा संबंधी कठिनाइयां, और शारीरिक गतिविधियों में समस्याएं शामिल हैं। यह बीमारी आमतौर पर 40 से 65 वर्ष की आयु के बीच शुरू होती है, लेकिन यह बुजुर्गों में भी देखी जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट पर हमले की साजिश

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी की एक अदालत ने मंगलवार को एक 16 वर्षीय लड़के को आतंकवादी हमले की साजिश में मदद करने का दोषी पाया है। यह साजिश अमेरिकी पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के ऑस्ट्रिया में होने वाले कॉन्सर्ट पर हमला करने की थी, जिसे पिछले साल नाकाम कर दिया गया था। दोषी लड़का सीरिया का नागरिक है और जर्मनी में रहता है। गोपनीयता नियमों के चलते उसका नाम मोहम्मद ए. बताया गया है। अदालत ने उसे 18 महीने की निलंबित सजा सुनाई है। इसका मतलब है कि अगर वह भविष्य में कोई और अपराध नहीं करता, तो उसे जेल नहीं भेजा जाएगा। अदालत ने टिप्पणी कि जब वह लड़का सिर्फ 14 साल का था, तब वह इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रभावित था। वह सोशल मीडिया के जरिए ऑस्ट्रिया में रहने वाले एक अन्य युवक के संपर्क में था, जो विएना में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट पर हमला करने की योजना बना रहा था। मोहम्मद ने न केवल उसे बम बनाने की वीडियो भेजी, बल्कि उसे ढ्रस के एक सदस्य से संपर्क भी कराया। इस साजिश के उजागर होने के बाद 7 अगस्त 2024 को विएना में होने वाले टेलर स्विफ्ट के तीन कॉन्सर्ट रद्द कर दिए गए थे।

### अमेरिका से निर्वासितों को लेने के समझौते पर घिरा युगांडा

**कंपाला, एजेंसी।** युगांडा और अमेरिका के बीच एक विवादित समझौता सुर्खियों में है, जिसके तहत युगांडा अमेरिकी निर्वासितों को अपने देश में लेने के लिए तैयार हुआ है। इस समझौते को लेकर युगांडा में तीखी आलोचना हो रही है, खासकर इसलिए क्योंकि इसे संसद की मंजूरी के बिना ही तय कर लिया गया। यह समझौता अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, युगांडा में इस डील को राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी पर अमेरिकी दबाव कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी सरकार हाल ही में युगांडा के कई अधिकारियों, जिनमें संसद की स्पीकर भी शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगा चुकी है।

### पाकिस्तान में पोलियो के दो और नए मामले, 2025 में अब तक कुल 23 केस

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आए हैं, जिससे इस साल देशभर में कुल मामलों की संख्या 23 हो गई है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये नए केस टैंक जिले के मल्लाजई यूनियन काउंसिल की 16 महीने की बच्ची और उत्तर वज़ीरिस्तान के मीरान शाह-3 यूनियन काउंसिल की 24 महीने की बच्ची में पाए गए हैं। पोलियो अब भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। सुरक्षा चुनौतियों, वैक्सीन को लेकर झिझक और अफवाहों की वजह से पोलियो उन्मूलन की कोशिशें धीमी पड़ रही हैं। इस्लामाबाद स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 में अब तक केपी से 15, सिंध से 6, पंजाब और गिलगित-बाल्टिस्तान से 1-1 पोलियो केस सामने आ चुके हैं। एनआईएच ने दोहराया कि पोलियो बेहद संक्रामक और लाइलाज बीमारी है, जिससे जीवनभर के लिए लकवा हो सकता है। इससे बचने का एकमात्र तरीका बार-बार पोलियो की दवा (ओरल पोलियो वैक्सीन) देना है। एनआईएच ने बताया कि जिन बच्चों तक वैक्सीन पहुंचना मुश्किल है या जहां लोगों में वैक्सीन को लेकर संकोच है, वहां खतरा सबसे अधिक बना रहता है। इसलिए केंद्र और राज्य स्तर पर पोलियो वैक्सीनेशन अभियानों को और मजबूत किया जा रहा है। सितंबर 2025 में एक विशेष पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

### गांधी को जिन्ना से बड़ा रहनुमा मानने वाला मौलाना गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में मोहम्मद अली जिन्ना के बजाय महात्मा गांधी को बड़ा रहनुमा मानने वाले मौलवी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक शिकायत के बाद इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा को पंजाब के झेलम शहर में 30 दिनों के लिए पकड़ा गया। झेलम के उपायुक्त मोहम्मद मीसम अब्बास ने बताया कि मौलवी को एमपीओ अध्यादेश की धारा-3 के तहत पकड़ा गया है। यह धारा अधिकारियों को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए हानिकारक कार्य करने से रोकने या सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है। यह कार्रवाई सोमवार को एक धार्मिक समूह की ओर से मिर्जा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद की गई। उसमें एक साक्षात्कार के दौरान उनकी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी। पेशे से इंजीनियर मिर्जा ने वर्षों पहले धर्म के क्षेत्र में स्वतंत्र करिअर शुरू करने के लिए अपना पेशा छोड़ दिया था व सोशल मीडिया पर प्रवचन और व्याख्यान देकर प्रसिद्धि अर्जित की। झेलम शहर के मशीन मोहल्ला निवासी मिर्जा अपने रूढ़िवादी धार्मिक विचारों के कारण विवादों में रहे हैं।

# कोलंबिया में 34 सैनिकों का अपहरण, सरकार ने कहा- सूचना देने वाले को 5000 डॉलर का इनाम



**बोगोटा, एजेंसी।** दक्षिण कोलंबिया में विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे 34 सैनिकों को एक विद्रोही समूह के इशारे पर काम कर रहे ग्रामीणों ने अपहरण कर लिया है। यह जानकारी कोलंबिया सरकार ने दी है। कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने मंगलवार को कहा कि सेना ग्वावियारे प्रांत में बंधक बनाए गए सैनिकों की रिहाई के लिए अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग करेगी और अपहरण में शामिल विद्रोहियों की सूचना देने वाले को 5000 डॉलर का इनाम देने की घोषणा की।

**सैनिकों को बंधक बनाकर रखे हैं ग्रामीण :** सांचेज ने पत्रकारों से कहा कि यह कार्रवाई गैरकानूनी है और इससे क्षेत्र में बड़े खतरे के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में रुकावट आ रही है। उन्होंने बताया कि सैनिकों को रविवार से एल रेटोर्नो गांव के पास बंधक बनाकर रखा गया है, जहां एफएआरसी (रेवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस ऑफ कोलंबिया) के 10 विद्रोही एक मुठभेड़ में मारे गए थे। ग्रामीण, जो सैनिकों को बंदी बनाए हुए हैं, एक मृत विद्रोही के शव की मांग कर रहे हैं, जिसे प्रांतीय राजधानी के मुर्दाघर में ले जाया गया है।

**सुरक्षित रिहाई के लिए प्रयास जारी :** गौरतलब है कि 2016 में कोलंबिया सरकार और एफएआरसी के बीच शांति समझौता होने के बावजूद, कुछ असंतुष्ट विद्रोही समूह अब भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं, जो हिंसा और तनाव को बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में सरकार बंधकों की सुरक्षित रिहाई के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है। फिलहाल इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि बहुत जल्द सफलता मिल जाएगी।

# इंडोनेशिया में दो लोगों को सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को चूमने के लिए मारे गए 76 कोड़े

**बांदा आचे, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बांदा आचे प्रांत में दो मर्दों को सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को चूमने के लिए कोड़े मारे गए। शरिया अदालत ने उन्हें इस्लामी कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया था। मंगलवार को बांदा आचे के बुस्तानुस्सलातिन शहर के एक पार्क में मंच पर लगभग 100 लोगों की भीड़ ने यह सजा देखी। समलैंगिक यौन संबंध बनाने वालों को यहां 100 कोड़े की सजा दी जाती है। आचे में जुआ खेलने, शराब पीने, तंग कपड़े पहनने वाली महिलाओं और शुक्रवार की नमाज में शामिल न होने वाले पुरुषों को भी कोड़े मारे जाते हैं।



## दोनों को 80-80 कोड़े की सजा

अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को 80-80 कोड़े की सजा सुनाई गई थी। इस्लामी धार्मिक पुलिस ने बताया कि उन्हें एक सार्वजनिक पार्क के शौचालय में गले मिलते और चूमते हुए पाया गया था। इस सार्वजनिक पिटाई में प्रत्येक व्यक्ति को एक छड़ी से 76 कोड़े मारे गए। दोनों की 80 कोड़ों की सजा को कम किया गया, क्योंकि वे चार महीने तक हिरासत में थे। यह सजा प्रांतीय राजधानी बांदा आचे के एक पार्क में दी गई, जहां भीड़ ने बेंतों की सजा देखी।

बताया जाता है कि ये दोनों 10 लोगों के उस समूह का हिस्सा थे, जिन्हें मंगलवार को बांदा आचे के एक पार्क में विभिन्न अपराधों के लिए कोड़े मारे गए। दोनों को भीड़ के सामने अलग-अलग छड़ी से पीटा गया। बांदा आचे शरिया पुलिस के कानून प्रवर्तन प्रमुख रोसलीना ए जलील ने बताया कि अप्रैल में स्थानीय शरिया पुलिस ने दोनों को उसी पार्क के सार्वजनिक शौचालय में एक साथ पाया था। रोसलीना ने कहा कि एक आम नागरिक ने संदिग्ध गतिविधि देखी और इसकी सूचना पुलिस को दी थी।

## अन्य लोगों को भी सजा

इन दोनों के अलावा मंगलवार को तीन महिलाओं और पांच पुरुषों को विवाहेतर यौन संबंध, विपरीत लिंग के लोगों के साथ निकटता और ऑनलाइन जुआ खेलने के लिए दोषी ठहराकर कोड़े मारे गए। गौरतलब है कि शराब पीने जैसे अपराधों के लिए बेंत मारने की सजा को आचे में जनता का मजबूत समर्थन प्राप्त है।

## एमनेस्टी इंटरनेशनल की निंदा

दूसरी ओर एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस सजा की निंदा की। एमनेस्टी के क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक मोंटसे फेरर ने कहा कि समान लिंगीय आचरण को अपराध घोषित करना न्यायपूर्ण और मानवीय समाज में स्वीकार्य नहीं है। गौरतलब है कि 2001 में विशेष स्वायत्तता मिलने के बाद इस क्षेत्र ने धार्मिक कानून लागू करना शुरू किया। जकार्ता ने लंबे समय से चले आ रहे अलगाववादी विद्रोह को दबाने की कोशिश की थी।

# संघर्षविराम पर इस्राइल की चुप्पी से कतर नाराज; इस्राइली रक्षा मंत्री और आईडीएफ प्रमुख के बीच बैठक

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच बीते 23 महीनों से चल रहे संघर्ष में गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और घातक होती जा रही है। गाजा में युद्ध को खत्म करने को लेकर किए जा रहे प्रयास भी असफल होते दिख रहे हैं। क्योंकि अभी तक इस मामले में इस्राइल का साफ रुख सामने नहीं आया है। इसी कारण युद्ध को खत्म करने की इन कोशिशों के बीच कतर ने भी इस्राइल के रवैये से नाराजगी जताई है। मामले में कतर ने कहा कि इस्राइल अब तक संघर्षविराम प्रस्ताव पर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दे रहा है।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि इस्राइल ना प्रस्ताव को स्वीकार कर रहा है, ना ही खारिज कर रहा है और ना ही कोई नया प्रस्ताव सामने ला रहा है। उन्होंने बताया कि हमास पहले ही इस महीने मिस्र और कतर को सूचित कर चुका है कि वह संघर्षविराम के प्रस्ताव को मान चुका है और बातचीत फिर से शुरू करने को तैयार है। बता दें कि इस बार के संघर्षविराम प्रस्ताव के तहत इस्राइली सेना 60 दिनों तक सैन्य कार्रवाई बंद करेगी, इस दौरान राहत सामग्री पहुंचने दी जाएगी और बचे हुए बंधकों में से आधे को रिहा कर दिया जाएगा।



कतर का कहना है कि यह वही प्रस्ताव है जिसे पहले इस्राइल ने भी मंजूरी दी थी और अब हमास ने 98 प्रतिशत हिस्से पर सहमति जता दी है। अल-अंसारी ने कहा कि अब गेंद इस्राइल के पाले में है, लेकिन इस्राइल न तो सहमत दिखता है, न कोई जवाब दे रहा है।इसके साथ ही कतर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इस्राइल पर दबाव बनाए ताकि वह युद्ध रोकने के लिए आगे आए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो हमास की सहमति के बाद से संघर्षविराम प्रस्ताव पिछले 10 दिनों से टेबल पर है, लेकिन इस्राइल की तरफ से सिर्फ और अधिक हमले, तबाही और गाजा के और जमीन पर कब्जे की योजना सामने आई है, समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं। इसको लेकर कतर ने दोहराया कि वह शांति की कोशिशें जारी रखेगा, लेकिन समय निकलता जा रहा है और हालात और भी बदतर होते जा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर मंगलवार को इस्राइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज और इस्राइली सेना (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल एयाल जामीर के बीच एक अहम बंद कमरे में बैठक हुई। इस बैठक में दोनों अधिकारियों ने सेना में वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया।

बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि अब भी रक्षा मंत्री से पूर्व सलाह लेना इस प्रक्रिया का हिस्सा बना रहेगा। इसका उद्देश्य सेना में नेतृत्व की निरंतरता बनाए रखना, पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करना और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की सेना की क्षमता को मजबूत करना है। इस दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि आईडीएफ की नियुक्ति प्रक्रिया हमारे सैन्य संसाधनों की देखभाल का एक मूल स्तंभ है, और हम इसे पेशेवर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

गौरतलब है कि यह बैठक ऐसे समय हुई है जब इस्राइली रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख के बीच कथित मतभेद की कई खबरें सामने आ रही थीं, खासतौर पर वरिष्ठ पदोन्नति और सैन्य नीतियों को लेकर। अब माना जा रहा है कि इस बैठक से दोनों के बीच तनाव कम हुआ है और IDF में नियुक्तियों की प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ेगी।

# ऑस्ट्रेलिया- गायब हो गया पूरा विमान, 22 दिन पहले तस्मानिया से भरी थी उड़ान, ना मलबा मिल रहा ना सुराग

**तस्मानिया , एजेंसी।** मलेशियाई फ्लाइट एनएच370 आपको याद ही होगी। 8 मार्च, 2014 को कुआलालंपुर से बीजिंग के लिए रवाना हुई यह फ्लाइट अचानक लापता हो गई थी। विमान में 239 लोग सवार थे। दस साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद दुर्घटना का कारण आज भी एक रहस्य बना हुआ है। अब ऑस्ट्रेलिया में हुई एक घटना ने इस विमान की यादें ताजा कर दी हैं। यहां दो लोगों और उनके कुत्ते को लेकर जा रहा एक यात्री विमान 2 अगस्त 2025 से लापता है। 22 दिन बीत जाने के बाद भी विमान का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक विमान में 72 वर्षीय ग्रेगरी वॉन, उनकी 66 वर्षीय पार्टनर किम वार्नर और उनका कुत्ता मौली सवार थे। विमान को ग्रेगरी ही चला रहे थे। फ्लाइट ने बीते 2 अगस्त को तस्मानिया के जॉर्जटाउन हवाई अड्डे से दोपहर लगभग 1 बजे उड़ान भरी थी। रिपोर्ट के मुताबिक विमान को पहले विक्टोरिया ले जाया गया और फिर वे न्यू साउथ वेल्स के हिलस्टन एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए थे। लेकिन बास स्ट्रेट के ऊपर विमान अचानक गायब हो गया।

जानकारी के मुताबिक जब शाम तक भी विमान से कोई सूचना नहीं मिली, तो परिवार ने अलार्म बजाया। इसके बाद खोज शुरू की गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने उत्तरी तस्मानिया, बास स्ट्रेट और विक्टोरिया में कई हेलीकॉप्टरों, नावों और जहाजों की मदद से तलाशी शुरू की। हालांकि 22 दिनों के बाद भी अधिकारियों को कोई सफलता नहीं मिल पाई है। उन्हें न तो कोई मलबा मिला है और न ही एक्सीडेंट के कोई संकेत। वहीं विमान से कोई इमरजेंसी संकेत भी नहीं भेजे गए थे, जिसे लेकर हैरानी जताई जा रही है।

# राष्ट्रपति के पास फेड गवर्नर को हटाने का अधिकार नहीं, ट्रंप के फरमान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी लिसा कुक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक ने कहा कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ मुकदमा करेंगी ताकि उन्हें बर्खास्त करने से रोका जा सके। उनकी वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाशिंगटन में लंबे समय से वकील रहीं एब्बे लोवेल ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को हटाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल एक रेफरल पत्र के आधार पर उन्हें बर्खास्त करने का राष्ट्रपति ट्रंप का प्रयास तथ्यात्मक या कानूनी आधार से रहित है। हम इस अवैध कार्रवाई को चुनौती देने के लिए मुकदमा दायर करेंगे।

दरअसल, ट्रंप ने अपने इस फैसले के पीछे फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के डायरेक्टर विलियम पल्प के क्रिमिनल रेफरल को आधार बनाया है। पल्प ने लिसा कुक पर मॉर्गेज फ्रॉड का आरोप लगाया, जिसमें कहा गया कि कुक ने मिशिगन और जॉर्जिया में कई प्रॉपर्टीज को अपनी प्राइमरी रेजिडेंस बताकर ऋण शर्तें हासिल की थीं। लिसा कुक ने इस फैसले को गैरकानूनी बताते हुए तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पास उन्हें हटाने का कोई अधिकार नहीं है। कुक ने स्पष्ट किया कि वह इस्तीफा नहीं देंगी और अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अपना काम जारी रखेंगी।

**सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है मामला :** कुक की वकील एब्बे लोवेल ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि ट्रंप का यह कदम पूरी तरह अवैध है। उनका कहना है कि केवल एक रेफरल पत्र के आधार पर किसी गवर्नर को हटाया नहीं जा सकता। अब कुक अदालत का रुख करने जा रही हैं। जानकारों का मानना है कि फेडरल रिजर्व एक्ट 1913 के तहत किसी गवर्नर को केवल फॉर कॉज यानी गंभीर कदाचार या लापरवाही की स्थिति में ही हटाया जा सकता है। ऐसे में यह मामला अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच सकता है और फेड जैसी स्वतंत्र संस्था पर राष्ट्रपति के कानूनी अधिकार की सीमाओं को और स्पष्ट रूप से परिभाषित कर सकता है। हालांकि, अभी तक वाइट हाउस और जस्टिस डिपार्टमेंट ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

**ट्रंप बोले- ईमानदार लोगों की जरूरत :** वहीं, ट्रंप ने एक बैठक में पत्रकारों से कहा कि हमें पूरी तरह ईमानदार लोगों की जरूरत है, और ऐसा नहीं लगता कि वह थीं। उन्होंने कहा कि कुक की जगह लेने के लिए उनके पास कई अच्छे लोग हैं, लेकिन वह अदालत के किसी भी फैसले का पालन करेंगे जो उन्हें उनकी नौकरी से हटा दे। बता दें कि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान फेड पर ब्याज दरें कम करने का दबाव डाला था और हाल के महीनों में इस अभियान को और तेज किया है। राष्ट्रपति ने ब्याज दरों में कई प्रतिशत की कटौती की मांग की है और फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने की धमकी दी है, हालांकि हाल ही में उन्होंने इससे इनकार किया है।



**ट्रंप को मिल जाएगा बहुमत हासिल करने का मौका :** कुक के जाने से ट्रंप को फेड के सात सदस्यीय बोर्ड में बहुमत हासिल करने का मौका मिलेगा, जिसमें दो मौजूदा सदस्य और वाइट हाउस के अर्थशास्त्री स्टीफन मिरान का लंबित नामांकन शामिल है। ट्रंप ने कहा कि अगर कुक की जगह खाली होती है, तो वह मिरान को, जिन्हें उन्होंने फेड बोर्ड में अस्थायी पद के लिए नामित किया था, नियुक्त करने पर विचार कर सकते हैं, जिनकी नियुक्ति जनवरी में समाप्त हो रही है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व बैंक समूह के पूर्व अध्यक्ष डेविड मालपास, जो ट्रंप के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं, के नाम पर भी इस पद के लिए चर्चा हुई थी।

**फेड की स्वतंत्रता पर खतरा :** ट्रंप के सफल होने पर फेड की राजनीतिक स्वतंत्रता कमजोर हो सकती है। फेडरल रिजर्व अमेरिका की ब्याज दरें तय करता है, जो घर, कार, बिजनेस लोन, निवेशकों के भरोसे, महंगाई और पूरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर असर डालती हैं। राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार मांग कर चुके हैं कि चेयरमैन जेरोम पॉवेल और फेड की दर-निर्धारण समिति अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और सरकार के 37 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण पर ब्याज भुगतान को कम करने के लिए ब्याज दर में कटौती करें। अगर ट्रंप कुक को फेड के गवर्नर बोर्ड से हटाने में सफल हो जाते हैं, तो इससे फेड की राजनीतिक स्वतंत्रता पर असर पड़ सकता है।

**लिसा कुक को हटाने पर ट्रंप का बहुमत :** राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में फेड बोर्ड के दो सदस्यों क्रिस्टोफर वालर और मिशेल बोमन को नियुक्त किया था। साथ ही एड्रियाना कुग्लर की जगह व्हाइट हाउस के शीर्ष अर्थशास्त्री स्टीवन मिरान की नियुक्ति की। कुग्लर ने एक अगस्त को अपना पद छोड़ दिया था। अब अगर ट्रंप लिसा कुक को हटा देते हैं और नए सदस्य को लाते हैं, तो फेड बोर्ड में उनका बहुमत (4-3) हो जाएगा, जिससे ब्याज दरें तय करने में उनका सीधा असर बढ़ जाएगा।

**कुक पर क्या आरोप? :** ट्रंप के समर्थक बिल पल्टे ने आरोप लगाया है कि कुक ने 2021 में मिशिगन के एन आर्बर और अटलांटा में अपने घरों पर गलत जानकारी देकर सस्ती मॉर्गेज ली थी। लेकिन अभी तक इन आरोपों का कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया है।

# गिल, जुरेल, ईश्वरन दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर, इन प्लेयर्स को मिला कप्तानी का मौका

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 2025-26 सीजन के पहले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ नहीं खेल पाए, जो गुरुवार को BCCI के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू हुई। उत्तर क्षेत्र की टीम के कप्तान बनाए गए गिल से पहले मैच में कप्तानी करने की उम्मीद थी, लेकिन बीमारी के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा। 9 सितंबर से अबू धाबी में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले उनके इस सप्ताह के अंत में बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है।

गिल की अनुपस्थिति में हरियाणा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अंकित कुमार ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली, जबकि सर्विसेज के बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला ने उनकी जगह अंतिम एकादश में जगह बनाई। उत्तर क्षेत्र की टीम में एशिया कप के लिए जाने वाले दो अन्य खिलाड़ी हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं, जो मैच में बाद में गेंदबाजी करेंगे।

सेंट्रल जोन के खेमे को एक और झटका लगा, जहां उनके नियुक्त कप्तान, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल कमर में दर्द की शिकायत के बाद नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। रजत पाटीदार, जिन्हें पहले उप-कप्तान बनाया गया था, अब टीम की कमान संभाल रहे हैं। सेंट्रल जोन की प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के साथ-साथ बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं।

ईस्ट जोन को भी झटका लगा जब नियमित कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण मैच से बाहर हो गए। उनकी जगह, ऑलराउंडर रियान पराग टूर्नामेंट के पहले मैच में टीम की कप्तानी कर रहे हैं। गिल घरेलू सीजन में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में भारत का नेतृत्व किया था, जहां उन्होंने 5 मैचों में 75.40 की औसत से 754 रन बनाए थे। उन्हें आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान भी बनाया गया है। दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल 4 सितंबर से और फाइनल 11 सितंबर से एक ही स्थान पर होगा।




# भारत को एशिया कप में पाकिस्तान से खेलना चाहिए? मोहम्मद शमी ने दिया सीधा जवाब




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट एशिया कप 2025 के अब कुछ ही दिन बचे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर बोर्ड की स्थिति स्पष्ट है लेकिन बड़ा वर्ग चाहता है कि ये मैच ना हो खासकर कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद। टीम का हिस्सा नहीं होने के बावजूद मोहम्मद शमी अपने घर से सूर्यकुमार यादव की टीम पर नजर रखेंगे और उन्होंने भारत-पाक मैच को लेकर अपने भाव व्यक्त किए हैं।

एक मीडिया हाउस से बातचीत में शमी ने कहा, 'मैं विवादों से दूर रहता हूं। सरकार और बोर्ड फैसला करते हैं और हम उसका पालन करते हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य टीमों की तुलना में पाकिस्तान के खिलाफ खेलना अलग है, या इसे किसी अन्य खेल की तरह ही माना जाता है, शमी ने कहा कि यह वास्तव में अलग है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के खिलाफ खेलना प्रशंसकों के जुनून के कारण अलग है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह प्रदर्शन करने के बारे में है।'

शमी से पाकिस्तान के खिलाफ खेलते समय स्लेजिंग की संभावित घटनाओं के बारे में भी पूछा गया, उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी किसी घटना का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'किसी ने नहीं। मैं सिर्फ एक बार टेस्ट मैच में नाराज हुआ था जब कोई समय बर्बाद कर रहा था। मैंने उन्हें अपना खेल खेलने के लिए कहा। यही मेरी आक्रामकता है।'

# दलीप ट्रॉफी ः दानिश मालेवार और रजत पाटीदार के शतक, मध्य क्षेत्र की मजबूत शुरुआत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** विदर्भ के रणजी ट्रॉफी नायक दानिश मालेवार और अनुभवी रजत पाटीदार ने शतक जमाकर गुरुवार को यहां उत्तर पूर्व क्षेत्र के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी जिससे मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन बारिश के कारण खेल रोके जाने से पहले 77 ओवर में दो विकेट पर 432 रन बना लिए।



पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक लगाने वाले 21 वर्षीय मालेवार ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दिन का खेल समाप्त होने के समय वह 198 रन बनाकर खेल रहे थे। RCB के IPL विजेता कप्तान पाटीदार ने 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली।

मालेवार ने अब तक अपनी पारी में एक छक्का और 35 चौके लगाए हैं, जबकि पाटीदार ने 21 चौके और तीन छक्के लगाए। मालेवार और पाटीदार ने तब मोर्चा संभाला जब सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (नाबाद 60) को पेट में गेंद लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। मालेवार ने चौका लगाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना तीसरा शतक पूरा किया।

दूसरी तरफ पाटीदार ने शानदार कवर ड्राइव से अपना 14वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। वह तेज गेंदबाज फीरोइजम जोतिन की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर अंकुर मलिक को कैच देकर पवेलियन लौटे। पाटीदार के आउट होने के बाद मालेवार और उनके रणजी साथी यश राठौड़ ने तीसरे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। जब बारिश के कारण खेल रुका तब राठौड़ 32 रन बनाकर खेल रहे थे।

# ऑलराउंडर विजय शंकर अब तमिलनाडु से नहीं खेलेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑलराउंडर विजय शंकर अब आने वाले घरेलू सत्र 2025-26 में तमिलनाडु की ओर से नहीं खेलेंगे। विजय शंकर ने राज्य की टीम छोड़ने की जानकारी तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) को देते हुए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मांगा था जो उन्हें दे दिया गया है। इस क्रिकेटर ने बुची बाबू टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मैच में खेला था पर महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे मैच में शामिल नहीं किये जाने से नाराज होकर इस क्रिकेटर ने टीम छोड़ने का फैसला कर लिया हालांकि इस क्रिकेटर का कहना है कि उसने बेहतर अवसरों के लिए ये टीम छोड़ी है। अब माना जा रहा है कि ये ऑलराउंडर किसी और राज्य से खेलेगा।



विजय शंकर ने ये फैसला अचानक ही नहीं लिया है। 2024-25 के घरेलू सत्र में भी उसे रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैच ही खेलने को मिले थे। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अधिकतर मुक़ाबलों में उसे अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। जिसके बाद से ही वह दूसरी टीम से खेलने की सोचने लगे थे। इस फैसले के साथ तमिलनाडु के साथ शंकर का एक दशक से अधिक समय का साथ समाप्त हो गया। उनकी कप्तानी में टीम ने विजय हजारे, देवधर और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

दिसंबर 2012 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू के बाद उन्हें मध्य क्रम में एस बद्रीनाथ की जगह मिली थी। इस खिलाड़ी ने तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी की 81 पारियों में 44.25 की औसत से 3142 रन बनाए जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने अपनी मध्यम गति की तेज गेंदबाजी से 53.93 की औसत से 43 विकेट भी हासिल किए। उनके लिए 2014-15 में रणजी सीजन बेहतरीन बीता जब उन्होंने 11 पारियों में 57.70 की औसत से 577 रन बनाए।

इसके बाद उन्हें इंडिया ए में जगह मिली ओर फिर 2019 के एकदिवसीय विश्वकप में शामिल किया गया। साल 2024-25 के रणजी सत्र में उन्होंने सेलम में चंडीगढ़ के खिलाफ 171 गेंदों पर 150 रनों की नाबाद पारी खेली जो कि उनके रणजी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी रही है। शंकर से पहले कप्तान बी अपराजित भी तमिलनाडु का साथ छोड़कर केरल चले गये थे।

शंकर के जाने से अब टीम के पास आर एस अम्ब्रिश के तौर पर एक विकल्प है। इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड में अंडर-19 में शानदार प्रदर्शन किया था। शंकर का जाना नए सत्र से पहले तमिलनाडु के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि आर साई किशोर हाथ की चोट से उबर रहे हैं।

# पीवी सिंधु ने वर्ल्ड नंबर 2 खिलाड़ी वांग झीयी को हराया, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



स्पोर्ट्स डेस्क ः दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने गुरुवार को BWF विश्व चैंपियनशिप में विश्व की नम्बर 2 खिलाड़ी वांग झीयी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। सिंधु ने झीयी सीधे सेटों में हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर 15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता। दूसरे गेम में भी सिंधु ने 12-6 के अंतर से बढ़त बनाने के बाद इसे कायम रखा। अंत में सिंधु ने दूसरा सेट 21-15 के अंतर से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना विश्व की नम्बर 1 बैडमिंटन खिलाड़ी साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है।

# संजू सैमसन ने फिर किया कमाल, शतक के बाद ठोकी 2 फिफ्टी

स्पोर्ट्स डेस्क । केरल क्रिकेट लीग में संजू सैमसन आए दिन अपने बल्ले से धमाल मचा रहे हैं। वह लगातार एक से बढ़कर एक पारियां खेल रहे हैं। संजू ने अपने प्रदर्शन से एशिया कप 2025 से पहले ही संजू सैमसन ने भारतीय टीम मैनेजमेंट और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की मुश्किल बढ़ा दी है। फिलहाल, एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में ओपनिंग के लिए 3 खिलाड़ियों में जंग देखने को मिल रही है। उपकप्तान शुभमन गिल के साथ अभिषेक शर्मा या फिर संजू सैमसन पारी का आगाज कर सकते हैं। कयास लगाए जा रहे थे कि हेड कोच गंभीर लेफ्ट राइट कॉम्बिनेशनल को तरजीह दे सकते हैं। ऐसे में संजू को बाहर बैठना पड़ता। अब संजू ने केरल क्रिकेट लीग में खुद को साबित कर गंभीर और सूर्या को विचार करने पर मजबूर कर दिया है। इस लीग में संजू ने अब तक तूफानी अंदाज में 1 शतक के साथ दो अर्धशतक भी ठोके। लीग के 15वें मुकाबले में कोच्चि ब्लू टाइगर्स का सामना अदानी त्रिवेंद्रम रॉयल्स से हुआ। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोच्चि ब्लू टाइगर्स को संजू सैमसन और विनूप मनोहरन ने तेज शुरुआत दिलाई। संजू ने 167.57 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 37 गेंदों पर 62 रन कूट दिए। इस दौरान संजू ने 4 चौके और 5 सिक्स लगाए। संजू के इस अर्धशतक की बदौलत कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए।

# भारतीय टीम के टी20 विश्वकप जीतने की संभावना नहीं : श्रीकांत

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रहे के श्रीकांत ने कहा है कि भारत की जो वर्तमान टीम है उससे अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप को जीता नहीं जा सकता है। श्रीकांत ने कहा कि एशिया कप में ही ये टीम जीत सकती है। श्रीकांत ने कहा, हम इस टीम के साथ एशिया कप तो जीत सकते हैं पर टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि छह माह बाद होने वाले विश्व कप की तैयारी इस टीम के साथ करने से कोई लाभ नहीं होने वाला। माना जा रहा है कि श्रीकांत एशिया कप क लिए चयनित टीम से नाराज हैं। अक्षर पटेल को हटाकर शुभमन गिल को टीम में उपकप्तान बनाने पर भी सवाल उठाये हैं। साथ ही कहा कि रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा को टीम में शामिल करने का फैसला भी गलत है। उन्होंने कहा, । अक्षर पटेल को उप-कप्तानी से हटा दिया गया है। मुझे नहीं पता कि रिंकू, शिवम और हर्षित कैसे टीम में आ गए। आईपीएल को चयन का मुख्य मानदंड माना जाता है पर लगता है कि चयनकर्ताओं ने उससे पहले के प्रदर्शन पर विचार किया है। श्रीकांत ने कहा कि 5वें नंबर के लिए भी टीम के पास बल्लेबाज नहीं है। उन्होंने कहा, पांचवें नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? पांचवें नंबर पर संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से किसी एक को रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, इसलिए अब अक्षर छठे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकते।

# हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने पाकिस्तान के हॉकी एशिया कप से बाहर होने की वजह बताई

**भुवनेश्वर (ओडिशा) (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप कुमार तिर्की ने हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 में पाकिस्तान और ओमान पुरुष हॉकी टीमों के भाग न लेने के कारणों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है, जबकि ओमान के निजी कारणों से प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया गया है। बिहार के राजगीर में होने वाले आगामी एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें पाकिस्तान और ओमान ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 29 अगस्त से 7 सितंबर तक होने वाले इस आयोजन में अब बांग्लादेश और कजाकिस्तान की टीमें भाग लेंगी। पाकिस्तान, जो पारंपरिक रूप से एशियाई हॉकी के सबसे बड़े नामों में से एक है, भाग नहीं लेगा जिससे बांग्लादेश के लिए जगह बनाने का रास्ता साफ हो गया है। ओमान ने भी भाग न लेने का फैसला किया है और कजाकिस्तान ने उनकी जगह ले ली है।





हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 से बाहर रहने वाली टीमों के बारे में दिलीप तिर्की ने बताया, 'हॉकी पुरुष एशिया कप 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग लेंगी... इस टूर्नामेंट के बेहद सफल होने की उम्मीद है... बिहार सरकार इस टूर्नामेंट के लिए भरपूर सहयोग दे रही है... पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से और ओमान अपने निजी कारणों से इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहा है।' पुरुष एशिया कप बिहार के राजगीर में आठ शीर्ष एशियाई देश भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करता है जिससे हर खेल में अतिरिक्त तीव्रता और महत्व जुड़ जाता है। मेजबान भारत को जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। वे 29 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे उसके बाद 31 अगस्त को जापान से भिड़ेंगे और 1 सितंबर को कजाकिस्तान के खिलाफ उनका अंतिम पूल मैच होगा।

# दानिल मेदवेदेव कोर्ट पर फोटोग्राफर के आने से गुस्साए, रैकेट भी तोड़ा, लगा 42500 डॉलर का भारी जुर्माना



न्यूयॉर्क । अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5.4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिए कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी।

# आज से राजगीर में शुरू होगा एशिया कप 2025, आठ प्रमुख टीमें इस टूर्नामेंट में लेंगी भाग

**पटना (एजेंसी)।** इंतज़ार खत्म हुआ क्योंकि 10 दिवसीय हीरो पुरुष एशिया हॉकी कप 2025 कल से बिहार के राजगीर में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर शुरू होने वाला है। यह हॉकी एशिया कप का 12वाँ संस्करण है जिसमें आठ शीर्ष एशियाई देश - भारत, जापान, चीन, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे - हिस्सा लेंगे। सभी टीमें राजगीर पहुँच चुकी हैं जहाँ वे एशिया कप 2025 के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। राजगीर के विभिन्न होटलों में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए पर्याप्त सुविधाएँ और सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जबकि भारतीय हॉकी टीम के सदस्य खेल परिसर में ठहरेंगे।

सभी मैच कल यानी 29 अगस्त से राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में खेले जाएँगे और 7 सितंबर, 2025 को समाप्त होंगे। यह आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में कार्य करता है, जिसने प्रत्येक खेल को और अधिक गहन और महत्वपूर्ण बना दिया है।

### 11 संस्करणों में से, गत विजेता कोरिया ने 5 बार एशिया कप जीता

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रन शंकरन ने कहा, 'यह पहली बार है कि पुरुष एशिया हॉकी कप बिहार के राजगीर में आयोजित किया जा रहा है। यह एशिया कप का 12वाँ संस्करण है जिसमें आठ टीमें भाग ले रही हैं।'

उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित 11 संस्करणों में से, गत विजेता दक्षिण कोरिया पुरुष एशिया कप में भाग लेने वाली सबसे सफल टीम है, क्योंकि उसने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में पाँच बार खिताब जीता है, जबकि मेज़बान भारत ने 2003, 2007 और 2017 में कप जीता है और पाकिस्तान ने भी 1982, 1985 और 1989 में तीन बार यह खिताब जीता है। हॉकी प्रशंसकों को स्टेडियम में मैच देखने के लिए आकर्षित करने हेतु, हॉकी इंडिया ने पहले ही घोषणा कर दी है कि राजगीर में होने वाले एशिया कप के सभी मैचों में प्रवेश निःशुल्क होगा।

### हॉकी मैच देखने के लिए निःशुल्क टिकट

प्रशंसक www.ticketgenie.in या हॉकी इंडिया ऐप पर जाकर अपने निःशुल्क टिकट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जहाँ प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक वर्चुअल टिकट प्राप्त होगा। आयोजन स्थल पर किसी भी तरह की भीड़भाड़ से बचने और प्रशंसकों को बिना किसी खर्च के विश्वस्तरीय हॉकी के रोमांच का आनंद लेने के लिए ये व्यवस्थाएँ की गई हैं, जिससे यह खेल पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गया है।

### कुल 24 मैच खेले जाएँगे; चार मैच 29 अगस्त को पहले दिन खेले जाएँगे।

मेजबान भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है। वे अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेंगे, उसके बाद 31 अगस्त को जापान से और 1 सितंबर को कज़ाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम पूल मैच खेलेंगे। पूल ए में, भारत-चीन मैच के अलावा, जापान और कज़ाकिस्तान भी पहले दिन भिड़ेंगे। जबकि, पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे शामिल हैं। उद्घाटन मैच मलेशिया और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा, जबकि पहले दिन का दूसरा मैच कोरिया और चीनी ताइपे के बीच खेला जाएगा।

हॉकी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बिहार के विभिन्न जिलों और देश के विभिन्न राज्यों में 'ट्रॉफी गौरव यात्रा' निकाली गई है। यह यात्रा 29 अगस्त को राजगीर पहुँचकर समाप्त होगी। 7 सितंबर, 2025 को होने वाले फाइनल मैच तक कुल 24 मैच खेले जाएँगे।

### बिहार में पुरुष हॉकी एशिया कप की



### मेजबानी, गर्व की बात

हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी को बिहार के लिए गर्व की बात बताते हुए, शंकरन ने कहा कि 'यह (एशिया कप की मेजबानी) न केवल राज्य की अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने की क्षमता को प्रदर्शित करेगा, बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में बिहार की वैश्विक छवि को भी मज़बूत करेगा।' शंकरन ने कहा, 'राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विश्व स्तरीय हॉकी स्टेडियम इस आयोजन को और भी भव्य बना देगा। हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन बिहार के लिए ऐतिहासिक है, जो राज्य को खेल, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा।'

### बिहार द्वारा आयोजित प्रमुख खेल आयोजन

राजगीर स्थित खेल परिसर ने बिहार को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है क्योंकि राज्य पहले ही कई टूर्नामेंट/चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है, जैसे नवंबर 2024 में महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, जिसमें छह टीमों - भारत, मलेशिया, जापान, चीन, थाईलैंड और कोरिया - ने भाग लिया था। इस वर्ष मई (2025) में खेलो इंडिया यूथ गेम्स राजगीर सहित पाँच शहरों में आयोजित किए गए, जहाँ प्रमुख आयोजन हुए। सेपक टकराव विश्व कप 2025 पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित किया गया था।

# बदले हुए प्रारुप में आज से शुरु होगा प्रो कबड्डी लीग का 12 वां सत्र

विशाखापत्तनम । प्रो कबड्डी लीग का 12 वां सत्र शुक्रवार से शुरु होने जा रहा है। ये सत्र विशाखा स्पोर्ट्स क्लब, विशाखापत्तनम में शुरू होगा। इसका पहला मुकाबला तेलुगु टाइटंस और तमिल थलाइवाज के बीच होगा। इस सत्र के लिए इसी प्रकार टाई-ब्रेकर के नियमों को भी बदला गया है। जिससे भी इस लीग का रोमांच बढ़ेगा। लीग को लेकर इसमें शामिल सभी टीमों के कोच उत्साह से भरे हैं और सभी ने अपनी-अपनी टीमों की जीत का दावा किया है। बेंगलुरु बुल्स में शामि बीसी रमेश ने कहा, 'मेरे ऊपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव है। प्रशंसकों को उम्मीद है कि टीम अच्छा करेगी।' बेंगलुरु बुल्स का पिछले साल प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था इसके बाद पूरी टीम बदल दी गई है।' तमिल थलाइवाज़ के कोच संजीव बालयन ने कहा कि उनकी टीम जीत के लिए बिना किसी दबाव के उतरेगी। उन्होंने कहा, 'हर कोच जीतना चाहता है. हम भी वहीं चाहते हैं पर वही टीम जीतेगी जो दबाव से उबरकर बेहतर खेलेगी।' मौजूदा चैंपियंस हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने कहा, 'लीग बड़ी हो रही है और प्रारुप में बदलाव से कबड्डी को लाभ होगा। ये प्रारुप बहुत अच्छा है क्योंकि इसमें जो टीमें पीछे भी रह जाती हैं, उनके पास वापसी का अवसर रहता है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि अपनी ट्रॉफी का बचाव कर सकें। टीम भी पिछली बार से बेहतर हुई है।' वहीं पटना पाइरेट्स के कोच अनूप कुमार ने कहा, 'हमारी टीम काफी अच्छी रही है पर इससे यह एक तरह का दबाव भी है। खिलाड़ी बदलते रहते हैं। जब पटना ने लगातार तीन सत्र जीते, तब टीम अलग थी, कोच अलग थे जब दो बार फाइनल में पहुंचे, तब भी टीम अलग थी। ये सीजन एक नया सीजन है. कुछ खिलाड़ी बदले हैं तो कुछ पिछले सीजन से हैं. कोच भी बदला है. यही प्रयास यह है कि इस बार अच्छी शुरुआत हो और जो टीम पिछले सीजन में नहीं कर पाई, वो इस बार कर दिखाए।.' बंगाल वॉरियर्स के कोच नवीन कुमार ने कहा कि उनकी युवा टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने एक युवा टीम बनायी है जो अपने को साबित करेगी।' पुनेरी पलटन के कोच अजय ठाकुर ने कहा, 'मैं फिटनेस पर बहुत काम कर रहा हूं. मुझे लगता है जो टीम कम डिफेंसिव गलतियां करती है, वही जीतती है। मैं कोशिश कर रहा हूं कि हमारी डिफेंस मजबूत हो।'

# जीएसटी में सुधार.....अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करेगा

### रेंटिग एजेंसी की सहायक कंपनी का अनुमान

**मुंबई ।** रेंटिग एजेंसी फ्चि सॉल्यूशंस की सहायक कंपनी बीएमआई ने कहा कि आगामी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार, जिनका उद्देश्य दरों में कटौती और निजी खपत को बढ़ावा देना है, अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करेगा। साथ ही, कंपनी ने कहा कि भारत इस दशक में एशिया में सबसे तेजी से बढ़ती उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। बीएमआई के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 प्रतिशत से ऊपर बने रहने का अनुमान है, भले ही अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ कुछ उद्योगों को प्रभावित कर रहे हों। बीएमआई ने कहा, हमारा अनुमान है कि दशक के अंत तक भारतीय आर्थिक वृद्धि दर धीरे-धीरे धीमी होकर 6.0 प्रतिशत से थोड़ी अधिक होगी, जो 2010-2019 के महामारी-पूर्व औसत 6.5 प्रतिशत से थोड़ा कम है, फ्रि भी भारत एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहेगा। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि आने वाले दशक में उत्पादकता में करीब 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जिससे जीडीपी वृद्धि को पर्याप्त गति मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार हमने अपने पहले अुनमान में बताया था कि रेसिप्रोकल टैरिफ में 25 प्रतिशत की वृद्धि वित्त वर्ष 2025/26 (अप्रैल-मार्च) और वित्त वर्ष 2026/27 में रियल जीडीपी वृद्धि को 0.2 प्रतिशत और धीमा कर देगी। इसलिए, हमने अपने पूर्वानुमानों को तदनुसार संशोधित किया है और अब उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025/26 में अर्थव्यवस्था 5.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026/27 में 5.4 प्रतिशत बढ़ेगी। मोदी सरकार के द्वारा किए जा रहे जीएसटी सुधारों पर बीएमआई ने कहा, जीएसटी सुधार टैरिफसे विकास पर पड़ने वाले दबाव को कम कर सकता है। क्योंकि डिटेल्स की अभी पुष्टि नहीं हुई है, इसलिए हम जीएसटी सुधार को फ्लिहाल हमारे विकास पूर्वानुमान के लिए एक मामूली वृद्धि जोखिम के रूप में देखते हैं। दो-स्लैब टैक्स स्ट्रक्चर के आगामी जीएसटी स्लैब रेशनलाइजेशन से ऑटोमोबाइल, वित्तीय सर्विस, सीमेंट और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में खपत बढ़ने और लाभप्रदता में सुधार होने की उम्मीद है। वहीं एसबीआई रिसर्च की नई रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी सुधारों और हाल ही में आयकर में की गई कटौती से उपभोग में 5.31 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हो सकती है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 1.6 प्रतिशत के बराबर है।

## प्रधानमंत्री मोदी जापान जाएंगे, सेमीकंडक्टर, निवेश और मेक इन इंडिया पर होगा फोकस



### मोदी जापान के शीर्ष अधिकारियों से भारत में निवेश के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम जापान की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। 29-30 अगस्त को होने वाली इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल को बढ़ावा देना और जापान के साथ आर्थिक-तकनीकी साझेदारी को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी सोनी, हिताची, निप्पॉन और नोमूरा जैसी प्रमुख जापानी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगे और भारत में निवेश के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा मिलकर बुलेट ट्रेन से सेंडाई तक यात्रा करेंगे, जहां वे सेमीकंडक्टर निर्माता टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड के प्लांट का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी जापान के कुछ प्रांतों के गवर्नरों से भी मिलेंगे ताकि भारतीय राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच साझेदारी को और मजबूती मिल सके। भारत में जापानी कंपनियों की संख्या फिलहाल 1,400 है, जिनमें से आधी विनिर्माण क्षेत्र में सक्रिय हैं। विदेश सचिव के अनुसार हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच तकनीकी, आर्थिक और राजनयिक संबंध और गहरे हुए हैं। 2018 के बाद यह मोदी की पहली द्विपक्षीय जापान यात्रा है और कुल मिलाकर यह उनकी आठवीं जापान यात्रा है।

अब तक 170 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनमें करीब 13 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। यह यात्रा भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

## रघुराम राजन ने अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ को बताया गंभीर

### - आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा, व्यापार में विविधता और आत्मनिर्भरता जरूरी

**नई दिल्ली ।**



भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और जाने-माने अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को गंभीर चिंता बताया है। अमेरिका ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जिससे भारत से अमेरिका निर्यातित वस्तुओं पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। राजन ने इसे वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में व्यापार और निवेश के हथियार बन जाने की दिशा में एक गंभीर संकेत माना है। राजन ने कहा कि भारत को किसी एक देश पर निर्भरता कम करनी होगी। उन्होंने पूर्वी देशों, यूरोप और अफ्रीका जैसे अन्य बाजारों की ओर देखने और व्यापार के विकल्प बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा` कि हमें आत्मनिर्भरता के साथ-साथ विकल्पों की व्यवस्था भी करनी चाहिए ताकि संकट के समय निर्भरता कम रहे। रघुराम राजन ने रूस से तेल आयात नीति की समीक्षा करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह देखना होगा कि इससे किसे लाभ और किसे नुकसान हो रहा है। रिफाइनर इस मामले में भारी मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि निर्यातक टैरिफ के बोझ तले दब रहे हैं। अगर लाभ कम है तो भारत को इस नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापार में आसानी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण और घरेलू कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए संरचनात्मक सुधार आवश्यक हैं। इस टैरिफ का खास असर झींगा किसानों और कपड़ा निर्माताओं जैसे छोटे निर्यातकों की आजीविका पर पड़ सकता है। राजन ने कहा कि भारत को इस संकट को अवसर के रूप में देखना चाहिए। वैश्विक रिश्तों में विविधता और संतुलन बनाकर ही देश आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाएगा।

## सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने कपास के आयात पर शुल्क मुक्त अवधि तीन महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2025 तक कर दी है। इससे पहले यह अवधि 30 सितंबर तक थी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इस फैसले की घोषणा की है।

इसका उद्देश्य अमेरिकी बाजार में 50 प्रतिशत उच्च टैरिफ का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को राहत प्रदान करना है। सरकार ने 5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क, 5 प्रतिशत कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर, और 10 प्रतिशत सामाजिक कल्याण अधिभार समेत कुल 11 प्रतिशत आयात शुल्क से छूट दी है। इस निर्णय से कपड़ा क्षेत्र में कच्चे माल की लागत में कमी आएगी, जिससे उत्पादन सस्ता होगा।

कपड़ा, धागा, परिधान और सिले हुए उत्पादों सहित पूरे कपड़ा वैल्यू चेन को इसका लाभ मिलेगा। घरेलू बाजार में कपास की उपलब्धता बढ़ने से कपास की कीमतों में स्थिरता आएगी और तैयार वस्त्रों की महंगाई पर दबाव कम होगा।

अमेरिका द्वारा भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण और चमड़ा उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद यह कदम निर्यातकों के लिए राहत साबित होगा। इससे लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को संरक्षण मिलेगा और भारतीय कपड़ा उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में मजबूती आएगी। सरकार का यह निर्णय कपड़ा उद्योग को वैश्विक बाजार में टिकाऊ बनाए रखने और निर्यात को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्योग जगत ने इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे उत्पादन लागत कम होकर व्यवसाय बढ़ेगा।

# कच्चा तेल सस्ता, कंपनियों का मुनाफा बंपर, लेकिन उपभोक्ताओं को राहत नहीं

### - मार्च से तेल कीमतों में गिरावट, फिर भी पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर


**नई दिल्ली ।** बीते कुछ महीनों से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है, लेकिन इसका फायदा अब तक आम जनता को नहीं मिल पाया है। मार्च 2025 से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बना हुआ है। वहीं भारत को रूस से और 5 फीसदी अतिरिक्त छूट भी मिल रही है, जिससे आयातित तेल की कीमत में और गिरावट आ गई है। इसके बावजूद देश की तीन प्रमुख सरकारी तेल कंपनियां–इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें घटाने से बच रही हैं। इन कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली



तिमाही (अप्रैल-जून) में कुल 16,184 करोड़ का मुनाफा कमाया, जो बीते वर्ष की तुलना में ढाई गुना ज्यादा है।

इस अवधि में बीपीसीएल को सबसे अधिक 6,124 करोड़ का लाभ हुआ, जबकि आईओसी ने 5,689 करोड़ और एचपीसीएल ने 4,371 करोड़ कमाए। मौजूदा समय में कंपनियां पेट्रोल पर प्रति लीटर 11.20 रुपए और डीजल पर 8.10 रुपए का विपणन मार्जिन कमा रही हैं, जो विश्लेषकों के अनुसार सामान्य से कहीं अधिक है। हालांकि सरकार ने अप्रैल में उत्पाद शुल्क 2 प्रति लीटर बढ़ाया था, पर खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ क्योंकि यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय गिरावट से समायोजित कर दी गई थी। वहीं एलपीजी पर भारी सब्सिडी के बावजूद कंपनियों का लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिक डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.60 पर बंद हुआ। वह गत कारोबारी दिवस मंगलवार को रुपया 87.69 पर बंद हूआ था। वहीं बुधवार को गणेश चतुर्थी के कारण बाजार बंद था। इससे पहले आज सुबह के कारोबारी` दिन डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 87.59 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से स्थानीय मुद्रा को मजबूती मिली। भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को सर्वकालिक निचले स्तर से नीचे गिरने से बचाने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया, जिससे रुपया और समर्थन पाया। हालांकि, अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने और कमजोर घरेलू शेयर बाजार की वजह से रुपये की तेजी सीमित रही। गुरुवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.56 पर खुला और बाद में 87.59 पर पहुंच गया। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि आरबीआई का कदम रुपये को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण रहा।



## 1 साल में 8 फ़ीसदी बढी सीमेंट की कीमतें

मुंबई । पिछले 1 साल में सीमेंट की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी तक लगभग 8 फ़ीसदी दाम सीमेंट के बढ़ चुके हैं। मई 2025 में सीमेंट की औसत कीमत 360 रुपए प्रति बोरी थी। ईंधन और जिप्सम के दाम लगातार बढ़ने से सीमेंट के दामों में लगातार वृद्धि होती रही है। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा सीमेंट के रेट बढे हैं। भारत में सीमेंट की मांग लगातार बढ़ रही है। पिछले 1 वर्ष में 9 फ़ीसदी सीमेंट की मांग बढ़ी है। मांग बढने के कारण सीमेंट की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

## पावर मेक प्रोजेक्ट को महान इनर्जी से बड़ा ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली ।** पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड को महान इनर्जी लिमिटेड से 370.84 करोड़ रुपए का ठेका प्राप्त हुआ है। यह कार्य सिंगरौली, मध्य प्रदेश स्थित महान फेस- (2×800 एमडब्ल्यू) थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए है। ऑर्डर में बीटीजी यूनिट 1 और 2 के लिए सिविल कार्य और प्रीफैब्रिकेटेड स्ट्रक्चरल स्टील निर्माण शामिल है। महान इनर्जी लिमिटेड जो पहले एस्सार पावर एमपी के नाम से जानी जाती थी, अब अडानी पावर की एक सहायक कंपनी है। इस परियोजना में मुख्य पावरहाउस, सेंट्रल कंट्रोल बिल्डिंग, ईएसपी, एफजीडी लाइमस्टोन हैंडलिंग सिस्टम, स्विच यार्ड आदि का निर्माण किया जाएगा। यह ऑर्डर घरेलू परियोजना के तहत आता है और पावर मेक प्रोजेक्ट के लिए यह एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक उपलब्धि मानी जा रही है। इससे कंपनी की ऑर्डर बुक मजबूत होगी और भविष्य की परियोजनाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे।

## राकेश गंगवाल ने ब्रिकी किए शेयर.....इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 4 प्रतिशत तक गिरा

**मुंबई ।** इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर गुरुवार को 4 प्रतिशत से अधिक गिरे। इसका कारण प्रमोटर राकेश गंगवाल की ओर से ब्लॉक डील के द्वारा 7,000 करोड़ से अधिक के शेयर बेचना है। इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 4.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,757.50 रुपए पर कारोबार कर रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रमोटर की ओर से 7,085 करोड़ रुपए मूल्य के 1.2 लाख शेयर 5,830 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर ब्रिकी किए गए हैं। इसके पहले रिपोर्ट्स में दावा किया था कि गंगवाल परिवार ब्लॉक डील के द्वारा से इंटरग्लोब एविएशन में 3.1 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने की योजना पर विचार कर रहा है, जिसकी वैल्यू करीब 7,020 करोड़ रुपए है। इस ब्लॉक डील के लिए फ्लोर प्राइस 5,808 रुपए प्रति शेयर रहा, जो पिछले सत्र के बंद भाव से करीब 4 प्रतिशत कम है। फरवरी 2022 में गंगवाल के बोर्ड छोड़ने के बाद से वे एयरलाइन में अपनी हिस्सेदारी कम कर रहे हैं। उन्होंने अब तक कंपनी में करीब 9 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेच दी है। इंटरग्लोब एविएशन में अपनी हिस्सेदारी कम करके, गंगवाल और उनके परिवार ने 2022 से अब तक 45,300 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसके पहले, गंगवाल परिवार ने सितंबर 2022 में 2,005 करोड़ रुपए में 2.74 प्रतिशत हिस्सेदारी, फरवरी 2023 में उनकी पत्नी शोभा गंगवाल ने 2,944 करोड़ रुपए में 4 प्रतिशत और अगस्त 2023 में 2,800 करोड़ रुपए में 2.9 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इंडिगो ने हाल ही में वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में आय में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद में मुनाफा में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की थी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 706 , निफ्टी 211अंक गिरा

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार का टैरिफ लागू करना गिरावट का सबसे बड़ा कारण रहा क्योंकि इससे बाजार पर दबाव पड़ा है। उससे भी बाजार गिरा है। दिन भर के कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 705.97 अंक टूटकर 80,080.57 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.15 अंक फिसलकर 24,500.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 718.70 अंक की गिरावट के साथ ही 56,047.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 254.25 अंक की कमी के के साथ ही 17,294.35 पर आ गया । बाजार में आई गिरावट का कारण आईटी और रियल्टी शेयरों में आई कमजोरी रही। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.59 फीसदी और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.50 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा पीएसयू बैंक, एफएमसीजी,




प्राइवेट बैंक और सर्विसेज इंडेक्स एक फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टाइटन, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं एचसीएल टेक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर सबसे अधिक गिरे। बीएसई पर 1,458 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान जबकि 2,651 शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए जबकि 149 शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया। जानकारों के अनुसार भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के टैरिफ लगाने के बाद निवेशकों के उससे दूर होने से बाजार में गिराट आई। वहीं कुछ उत्पादों पर टैरिफ नहीं लगने से बाजार में कुछ हद तक रिकवरी भी हुई।

इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 620 अंक टूटकर 80,162 पर और निफ्टी 180.85 अंक नीचे आकर 24,528 पर खुला था। इस गिरावट से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकर भी करीब 4.14 लाख करोड़ रुपए घटकर 445.80 लाख करोड़ रुपए रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक के शेयर सबसे ज्यादा फिसले। दुनिया भर के बाजारों में भी मिला-जुला रुख रहा। जहां अमेरिका के एसएंडपी 500 और डाउ जोंस बढ़त के साथ बंद हुए, वहीं एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हुआ।

## लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने पर एनएफआरए का जोर

**नई दिल्ली ।** एनएफआरए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि कंपनियों की लेखापरीक्षा समितियों को लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी चाहिए। यह कदम सुदृढ़ वित्तीय रिपोर्टिंग और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बाहरी लेखा परीक्षकों की भूमिका वित्तीय विश्वास और सटीकता बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने आंतरिक नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणाली को भी मजबूत बनाने पर ज़ोर दिया, जो कॉर्पोरेट कामकाज के अच्छे तरीकों का हिस्सा होनी चाहिए। यह बातें उन्होंने फिक्की द्वारा आयोजित सम्मेलन 'चुस्त प्रशासन- पारदर्शिता को बढ़ावा देना एवं विश्वास का निर्माण' में कही। उनका मानना है कि लेखा परीक्षा समितियों की सक्रिय भूमिका से वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और निवेशकों का भरोसा मजबूत होगा।

# सीमलेस पाइप उद्योग ने चीनी पाइप आयात पर अंकुश लगाने सरकार से की मांग

**नई दिल्ली ।**

सीमलेस ट्यूब मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसटीएमएआई) ने सरकार से घरेलू सीमलेस पाइप उद्योग की सुरक्षा के लिए चीन से आने वाले कम लागत वाले पाइपों के आयात पर सख्त रोक लगाने का आग्रह किया है। एसटीएमएआई का कहना है कि देश में सीमलेस पाइप और ट्यूब की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से कहीं अधिक है, इसलिए आयात को नियंत्रित करना जरूरी है ताकि स्थानीय उद्योगों को बचाया जा सके। एसटीएमएआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारत में सीमलेस पाइप एवं ट्यूब की स्थापित उत्पादन क्षमता लगभग 19.5 लाख मीट्रिक टन है, जबकि देश की कुल मांग लगभग 13.2 लाख मीट्रिक टन है।

यह स्पष्ट करता है कि घरेलू उत्पादन मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। हालांकि सरकार की सुरक्षा नीतियों के बावजूद पिछले 3-4 वर्षों में चीन से सीमलेस पाइप के आयात में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि चीन से आयात करने वाले आयातक सीमा शुल्क निकासी के समय अधिक मूल्य दिखाते हैं, लेकिन बाद में वे भारतीय बाजार में इन उत्पादों को



घरेलू निर्माताओं की तुलना में काफी कम कीमत पर बेच रहे हैं। इससे घरेलू उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है।

घरेलू पाइप उद्योग ने ऑक्सीजन सिलेंडर पाइप, ड्रिल पाइप सहित कई महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए भारी निवेश किया है। इसके बावजूद घरेलू उद्योग ठेके प्राप्त करने में संघर्ष कर रहा है और उत्पादन क्षमता पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पा रही है। एसटीएमएआई सरकार से आग्रह करता है कि चीन से सस्ते पाइप के आयात पर रोक लगाकर घरेलू उद्योग को प्रोत्साहित किया जाए।

## विल्मर ने अदाणी समूह से एडब्ल्यूएल में हिस्सेदारी बढ़ाने सीसीआई से मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली ।**

सिंगापुर की कृषि कंपनी विल्मर इंटरनेशनल ने अपनी इकाई लेंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी अडानी समूह से एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। यह प्रस्ताव पिछले महीने 7,150 करोड़ रुपये में हुआ अधिग्रहण करने की घोषणा के बाद आया है।वर्तमान में, विल्मर के पास लेंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में लगभग 43.94 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रस्तावित अधिग्रहण के बाद यह हिस्सेदारी बढ़कर 54.94 से 63.94 प्रतिशत के बीच हो जाएगी। इससे विल्मर इस कंपनी का बहुमत मालिक बन जाएगा। सीसीआई में दाखिल किए गए नोटिस के अनुसार अधिग्रहणकर्ता लेंस प्राइवेट लिमिटेड ने लक्ष्य कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का न्यूनतम 11 प्रतिशत और अधिकतम 20 प्रतिशत अधिग्रहित करने का प्रस्ताव रखा है। इस अधिग्रहण के लिए सीसीआई की मंजूरी जरूरी है ताकि प्रतिस्पर्धा पर इसका प्रभाव आकलित किया जा सके।

## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी की कीमतें बढ़ीं

### 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,01,398, चांदी 1,16,450 पर प्रति किलो

**नई दिल्ली ।** सोने की कीमतों में गुरुवार को 0.14 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,398 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। साल की शुरुआत से लेकर अब तक सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। 1 जनवरी 2025 को सोने का भाव 76,162 था, जो अब बढ़कर लगभग 1,00,884 तक पहुंच चुका है। इस साल सोने की कीमतों में कुल मिलाकर लगभग 24,722 की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल भी सोने की कीमतों में लगभग 12,810 की वृद्धि दर्ज हुई थी। वहीं वहीं चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। आज 1 किलो चांदी का भाव 1,16,450 पर पहुंच गया है। इस साल 1 जनवरी से अब तक चांदी की कीमतों में 29,853 की बढ़ोतरी हुई है। चांदी का भाव 1 जनवरी को 86,017 प्रति किलो था, जो अब 1,15,870 के करीब पहुंच चुका है। गोल्ड ज्वेलरी खरीदते समय हमेशा यह ध्यान रखें कि वह बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) का प्रमाणित हो। बीआईएस हॉलमार्क वाला सोना ही खरीदा जाना चाहिए, जिसमें 6 अंकों का यूनिक हॉलमार्क कोड मौजूद होता है। यह कोड अल्फान्यूमेरिक होता है और यह सोने की शुद्धता और कैरेट की पुष्टि करता है। हॉलमार्किंग से उपभोक्ता को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि खरीदा गया सोना असली और उच्च गुणवत्ता वाला है।



# हैवान-हेरा फेरी 3 और इस फिल्म के बाद रिटायरमेंट की तैयारी में प्रियदर्शन

प्रियदर्शन इंडस्ट्री के चर्चित निर्माता–निर्देशक हैं। इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्मों हैवान और हेरा फेरी 3 को लेकर चर्चा में हैं। प्रियदर्शन अब फिल्म मेंकिंग से रिटायरमेंट लेने की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुद उन्होंने ऐसी इच्छा जाहिर की। उन्होंने हैवान और हेरा फेरी 3 को पूरा करने के बाद फिल्म निर्माण से संन्यास लेने की अपनी योजना का खुलासा किया है।

## कोच्चि में चल रही हैवान की शूटिंग


निर्देशक प्रियदर्शन ने फिल्म हैवान की शूटिंग शुरू कर दी है। इसे फिलहाल कोच्चि में फिल्माया जा रहा है। इस फिल्म में अक्षय कुमार अभिनेता सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। हैवान, प्रियदर्शन की 2016 की हिट फिल्म ओप्पम से प्रेरित है, लेकिन इसके डायलॉग और स्क्रिप्ट में कई बदलाव किए गए हैं। इस बीच निर्देशक ने अपनी फ्यूटर प्लानिंग को लेकर बात की।

## मोहनलाल के साथ बनाएंगे 100वीं फिल्म

फिल्म हैवान प्रियदर्शन की 99वीं फिल्म है। ओप्पम में मुख्य भूमिका निभाने वाले मोहनलाल भी हैवान में कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे। हाल ही में प्रियदर्शन ने बातचीत में खुलासा किया कि उनका किरदार दर्शकों के लिए एक सरप्राइज होगा। उन्होंने आगे कहा कि हैवान के बाद वे मोहनलाल को लीड रोल में लेकर अपनी 100वीं फिल्म का निर्देशन करने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट अभी तय नहीं हुई है, लेकिन इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की उम्मीद है।

## थक गया हूं

प्रियदर्शन से जब लगातार अक्षय कुमार के साथ काम करने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, यह सब कंफर्ट की बात है। सीक्वल के बारे में उन्होंने स्वीकार किया, मैं आमतौर पर सीक्वल के साथ अपनी मूल फिल्मों की नकल नहीं करता, यह मेरा काम करने का पसंदीदा स्टाइल नहीं है। उन्होंने चौंकाने वाली टिप्पणी करते हुए आगे कहा, इन फिल्मों को पूरा करने के बाद मैं उम्मीद है मैं रिटायर हो जाऊंगा। मैं थक गया हूं।



# भरोसा तो मेरा बहुत पहले टूट चुका था

## अब रियलिटी शो पर नजर आएंगी धनश्री

'बिग बॉस 19' की चर्चा के बीच एक रियलिटी शो लाइमलाइट में है। 'राइज एंड फॉल' नाम का यह शो जल्द शुरू होगा। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स वाइफ और कोरियोग्राफर धनश्री भी नजर आईं। इस शो के ट्रेलर में वह धोखे और विश्वास टूटने की बात करती दिखाई दीं।

धोखे की बात करती दिखीं धनश्री

शो के ट्रेलर में अशनीर ग्रोवर नजर आते हैं, जो शो का कॉन्सेस्ट बताते हैं। इस बीच धनश्री नजर आती हैं, जो कहती हैं, 'भरोसा तो मेरा बहुत पहले ही टूट चुका था।' धनश्री के हाथ में क्रिकेट बॉल भी है। क्या इसके जरिए वह अपने एक्स हसबैंड और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल पर तंज कस रही हैं।

एंटरप्रेन्योर अशनीर ग्रोवर शो 'राइज एंड फॉल' के ट्रेलर में इसका कॉन्सेप्ट बताते हैं। वह कहते हैं, 'दोगले लोग तो बहुत देखे होंगे आपने। आपको एक दोगली दुनिया दिखाता हूं। 16 सेलिब्रिटी और दो हिस्सों में बंटा हुआ शो। ऊपर पेंटहाउस में रूलर करने ऐश और नीचे बेसमेंट में वर्कर्स पर टूटेगा सारा काम।' इस तरह शो में दो दुनिया दिखाई जाएगी। वर्कर ऊपर वाली दुनिया में आना चाहगा और रूलर कभी भी नीचे वाली यानी बेसमेंट की दुनिया में नहीं जाना चाहेगा। लेकिन सभी कंटेस्टेंट्स एक–दूसरे को धोखा देकर ऐसा करेंगे और शो में बने रहेंगे। इस शो में धनश्री, अर्जुन बिजलानी, कॉमेडियन कीकू शारदा और कुब्रा सेठ के अलावा कई सेलिब्रिटी शामिल होंगे। 'राइज एंड फॉल' रियलिटी शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 6 सितंबर से दर्शकों को देखने को मिलेगा। शो के ट्रेलर को देखकर अर्जुन बिजलानी, धनश्री के फैंस काफी एक्साइटेड नजर आए। सोशल मीडिया पर वह इस ट्रेलर पर रिएक्शन दे रहे हैं और अपने फेवरेट सेलिब्रिटी को सपोर्ट कर रहे हैं।



# अवनीत कौर की फिल्म 'लव इन वियतनाम' का ट्रेलर रिलीज

फिल्म 'लव इन वियतनाम' में प्यार की कहानी देश की सीमाओं को पार करके एक खूबसूरत दुनिया से दर्शकों को रूबरू कराएगी। इस फिल्म में अवनीत कौर, शांतुन महेश्वरी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में वियतनामी एक्ट्रेस खा नागन भी हैं। फिल्म में लव ट्राइएंगल है, जो इन तीनों के किरदार के बीच बनता है।

फिल्म 'लव इन वियतनाम' के ट्रेलर में पंजाब से शुरू होकर कहानी वियतनाम तक पहुंचती है। एक लड़का (शांतुन) और लड़की (अवनीत कौर) बचपन से एक–दूसरे को जानते हैं। लड़की की ख्वाहिश बड़े होकर लड़के की दुल्हन बनने की है। लेकिन लड़के पिता बड़े होने पर उसे वियतनाम भेज देते हैं। वियतनाम पहुंचकर उसे एक तस्वीर देखकर अनजान वियतनामी लड़की (खा नागन) से प्यार हो जाता है। लेकिन असल में वह उससे मिला भी नहीं है। इस वजह से पंजाबी की लड़की और उसकी दोस्त का दिल टूट जाता है। आखिरी ये प्रेम कहानी किस अंजाम पर जाकर खत्म होगी, यही फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म में अवनीत कौर, शांतुन महेश्वरी और वियतनामी एक्ट्रेस खा नागन के अलावा फरीदा जलाल, गुलशन ग्रोवर, राज बब्बर जैसे नामी कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में पंजाब और वियतनाम की खूबसूरत लोकेशन भी नजर आएंगी।




### कब रिलीज हो रही है फिल्म

फिल्म 'लव इन वियतनाम' ने जल्द ही सिनेमाघरों में पहुंचेगी। ओमांग कुमार, कैप्टन राहुल बाली प्रोड्यूस और राहत शाह काजमी निर्देशित यह फिल्म 12 सितंबर 2025 को थिएटर में रिलीज होगी।

# विक्रम भट्ट के एक और प्रोजेक्ट में सनी लियोनी की एंट्री

सनी लियोनी ने जिस्म 2, रईस, तेरा इंतजार और एक पहेली लीला जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। वेब सीरीज में भी वे नजर आ चुकी हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर डिटेल शेयर की हैं, जिसकी शूटिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें वे निर्देशक विक्रम भट्ट के साथ काम करेंगी।

## सनी ने जताई विक्रम भट्ट के साथ काम करने की खुशी

सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे निर्देशक विक्रम भट्ट के साथ नजर आ रही हैं।सनी ने इसके साथ कैप्शन लिखा है, अपने पसंदीदा निर्देशकों में से एक के साथ फिर से काम करने का मौका मिला है। चलिए कुछ जादू करते हैं।

## सीरीज अनामिका में साथ कर चुके हैं काम

बता दें कि इससे पहले सनी लियोनी विक्रम भट्ट के साथ वेब सीरीज अनामिका में काम कर चुकी हैं, जो साल 2022 में आई थी। एक्शन से भरपूर यह जासूसी थ्रिलर वेब सीरीज एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसका निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया।

नेटिजन्स ने दी बधाई

सनी और विक्रम के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर नेटिजन्स रिएक्शन दे रहे हैं। दोनों को बधाई दे रहे हैं। सनी लियोनी के बॉलीवुड करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2012 में आई फिल्म जिस्म 2 से डेब्यू किया था। हालांकि, वो साल 2011 में ही चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस में आकर भारत में अपनी पहचान बना चुकी थीं। सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा था, लेकिन एडल्ट इंडस्ट्री में काम करने के लिए उन्होंने अपना नाम सनी लियोनी रख लिया।





# किरदार को जीवंत बनाने के लिए नहीं किया प्रोस्थेटिक्स का इस्तेमाल

विवेक अग्निहोत्री और पल्लवी जोशी की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' अपनी रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। कोलकाता में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में काफी हंगामा हुआ था। अब फिल्म की प्रोड्यूसर और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने अमर उजाला से खास बातचीत में फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे की अपने किरदार के लिए तैयारी। 'द बंगाल फाइल्स' में पल्लवी जोशी ने एक 100 साल की महिला का किरदार निभाया है। जब उनसे किरदार की तैयारी और चुनौतियों को लेकर सवाल किया गया, तो अभिनेत्री कहा कि यह रोल मेरे लिए बहुत अनोखा और चुनौतीपूर्ण था। एक सदी का सफर झेल चुकी महिला की आत्मा को पकड़ना आसान नहीं था। डर भी लगता था कि मैं इसे सही तरह से निभा पाऊंगी या नहीं। उन्होंने कहा कि मैंने विवेक से भी कई बार कहा था कि इस रोल के लिए सही कास्ट होनी चाहिए, वरना यह फिल्म के लिए सही नहीं होगा। लेकिन आखिरकार मुझे ही करना पड़ा और जब ऑडियंस की प्रतिक्रिया देखी, तो लगा कि मेहनत सफल रही। सबसे खास बात ये है कि पल्लवी ने अपने किरदार के लिए प्रोस्थेटिक्स का इस्तेमाल नहीं किया है। इसके पीछे की वजह के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि हम चाहते थे कि यह किरदार बहुत नेचुरल लगे, जैसे हमारी दादी या बुआ होती थीं। प्रोस्थेटिक्स से अक्सर चेहरे के भाव सीमित हो जाते हैं। हॉरर शोज में वह ठीक है, लेकिन हमें एक सहज, घरेलू और प्यारी महिला चाहिए थी। साथ ही सच कहूं तो बड़े–बजट वाले प्रोस्थेटिक आर्टिस्ट हायर करना हमारे लिए संभव नहीं था। बंगाल जाकर शूटिंग भी नहीं कर पाए, इसलिए बड़ा सेट बनाना पड़ा जिससे लागत और बढ़ गई। ऐसे में मेकअप और वीएफएक्स के साथ ही किरदार को गढ़ा गया। हमारी कोशिश थी कि किरदार की आत्मा झलके।



# रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है

**अजय देवगन ने जब नई स्टारकास्ट के साथ गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक शैतान बनाया, तो फिल्म की मुख्य अदाकारा जानकी बोडीवाला को रिप्लेस नहीं कर सके। वश में आर्या और शैतान में जाह्नवी के रोल में जानकी ने गुजराती और हिंदी दोनों ही भाषाओं के दर्शकों का दिल जीता। अब वह वश लेवल 2 में नजर आने वाली हैं। यह 2023 में आई वश का ही सीक्वल है। फिल्म 27 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।**

इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड और गुजराती फिल्मों में काम करने के अपने अनुभव, दोनों इंडस्ट्री के बीच अंतर पर खुलकर बात की। जानकी ने माना कि रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है, जबकि बॉलीवुड में बहुत हद तक यह मुमकिन नहीं हो पाता।

**आप मेडिकल बैकग्राउंड से हैं, तो अचानक फिल्मों में आना कैसे हुआ?**

मैं मतलब डॉक्टर बैग्राउंड से होने वाली थी। मगर मैंने वह पढ़ाई कम्पलीट नहीं की। इसी दौरान मुझे मेरे डायरेक्टर कृष्णदेव याग्निक (डेब्यू फिल्म के निर्देशक) मिल गए जिन्होंने मुझे गुजरात में पहचान दिलाई। यह उनका ही फैसला था कि वह मुझे अपनी पहली फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं। और उन्होंने ही फिल्म वश भी बनाई जिसके लिए ना सिर्फ मुझे पूरे देश में पहचान मिली, बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

**अभी आप वश 2 में काम कर रही हैं जो हिंदी में रिलीज हो रही है। बाद में हो सकता है कि आप शैतान के सीक्वल में भी हों, तो आपके लिए कितना चैलेंजिंग होगा उस समय, क्योंकि लोग वश 2 देख चुके होंगे?**

शैतान का अंत गुजराती फिल्म वश से अलग था। तो शायद वह अपना एक अलग यूनिवर्स क्रिएट करेंगे। हालांकि उसके बारे में मुझे कुछ ज्यादा मालूम नहीं है, लेकिन हां, मुझे दोनों फिल्मों में काम करके बहुत अच्छा लगा, बहुत मजा आया। इतने बड़े–बड़े एक्टर्स के साथ काम किया, बहुत कुछ सीखने को भी मिला।

**आप गुजरात फिल्म इंडस्ट्री के विकास को किस तरह से देखती हैं?**

रीजनल सिनेमा में अच्छी बात यह होती है कि हमारे पास बहुत अलग–अलग तरह का कंटेंट ट्राय करने का स्पेस होता है। रीजनल सिनेमा में हमारे पास एक आज़ादी होती है और यही वजह है कि हम बहुत कुछ नया बना सकते हैं। मुझे रीजनल सिनेमा की यह बात बहुत अच्छी लगती है।

**हिंदी हो या गुजराती, आपको कई सीनियर एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला। आपका कैसा अनुभव रहा?**

मुझे जब पता चला कि हीतू कनोडिया (गुजरात सिनेमा के जाने–माने कलाकार) फिल्म में मेरे पिता का रोल अदा करने वाले हैं और फिल्म में हितेन कुमार भी होंगे, तो मैं पहले तो अंदर से हिल गई थी। दरअसल, जब इतने बड़े एक्टर्स आपके साथ काम कर रहे होते हैं तो आपको परफॉर्म करना ही पड़ता है। ऐसे में मेरे पास भी तब परफॉर्म करने के अलावा कोई और ऑप्शन ही नहीं था। मगर यहां भी मेरी सफलता का क्रेडिट मेरे डायरेक्टर को जाता है जिन्होंने मुझे सिखाने के लिए वर्कशॉप करवाई और कॉन्फिडेंस दिया कि मैं कर सकती हूं।

### अजय देवगन के साथ काम का कैसा एक्सपीरियंस कैसा था?



उनके साथ काम करने का अनुभव भी बहुत बढ़िया रहा। मैंने तो उम्मीद ही नहीं की थी कि वह मुझे उस स्तर का कम्फर्ट महसूस करवाएंगे, क्योंकि वह मेरी पहली हिंदी फिल्म थी। जिस हिसाब से मुझे वहां लोगों का ट्रीटमेंट मिला, खासकर एक्टर्स से, वह काफी अच्छा और यादगार था। उन्होंने मुझे महसूस ही नहीं होने दिया कि मैं एक न्यूकमर हूं। वहां मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला और इन सभी सीनियर कलाकारों से मिली सीख को मैं अपनी आगे की फिल्मों में अप्लाई करूंगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in